• जयपुर, मंगलवार 17 जून 25• वर्ष 14 • अंक 297 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25 RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000 जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 राजस्थान में मिली 1001 किलोमीटर की सड़को के लिए 1915 करोड़ रुपये की स्वीकृति...

पेज @4 जयपुर विकास प्राधिकरण की तीन आवासीय योजनाओं में भारी रूझान...

पेज @8 पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत टिकट 50 वर्ष से कम ...

## प्रवासी राजस्थानियों के लिए राज्य सरकार करेगी नए विभाग का गठन

# प्रवासी भाई-बहनों के सहयोग से प्रदेश बनेगा अग्रणी : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थानियों ने अपने सामर्थ्य की बदौलत विश्वभर में प्रदेश का मान बढ़ाया है। उन्होंने अपनी कर्मभूमि पर काम करते हुए मातृभूमि पर सामाजिक सरोकारों के कार्यों में पूर्ण रूप से समर्पित होकर कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों के योगदान के सम्मान में राज्य सरकार आगामी 10 दिसम्बर को प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को आयोजन को सफल बनाने के लिए समयबद्ध रूप से कार्य करने के लिए निर्देशित किया।
शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन-2025 की कार्ययोजना के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों की सहूलियत और उनके मुद्दों के लिए हमने कई कदम उठाए हैं। राज्य सरकार उनके लिए एक नए विभाग का गठन करने जा रही है। साथ ही, सभी जिलों में अतिरिक्त जिला कलक्टर को प्रवासी राजस्थानियों से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए नोडल अधिकारी बनाने के संबंध में आदेश एवं गाइडलाइन भी जारी हो चुकी है। इस सिंगल प्वाइंट कॉन्टैक्ट के माध्यम से प्रवासी भाई-बहनों के विषयों पर त्वरित कार्यवाही होगी। श्री शर्मा ने अधिकारियों को इस संबंध में कार्य प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।



### 10 दिसम्बर को आयोजित होगा प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन

**विश्वभर से जुटेंगे प्रवासी राजस्थानी राज्य सरकार करेगी सम्मानित**

### विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले प्रवासी राजस्थानियों का होगा सम्मान

» मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर में आयोजित होने वाले इस एक दिवसीय सम्मेलन में देश–विदेश से बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी शामिल होंगे। सम्मेलन में कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत सहयोग प्रदान कर रहे प्रवासी राजस्थानियों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही सामाजिक, आर्थिक एवं औद्योगिक आदि क्षेत्रों में योगदान एवं उपलब्धि अर्जित करने वाले प्रवासी राजस्थानियों को सम्मेलन में सम्मानित भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शर्मा की पहल पर हर वर्ष 10 दिसम्बर को प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाने की शुरूआत की गई है।

### राजस्थान फाउंडेशन करे नई कार्यकारिणी का गठन, जोड़ें सक्रिय सदस्य

» शर्मा ने कहा कि आपणो अग्रणी राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति के क्रम में प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए प्रवासी राजस्थानियों का सहयोग लिया जाए। अधिकारी प्रवासी राजस्थानियों से नियमित संपर्क करें और उन्हें प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान फाउंडेशन के 14 नए चैप्टर्स के मनोनीत अध्यक्ष नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ कर सक्रिय लोगों को जोड़ें। फाउंडेशन अपने विभिन्न चैप्टर्स की बैठक आयोजित कर निरंतर संवाद भी करें। बैठक में संबंधित विभागों के उच्च अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## न्यूज़ अपडेट

### लखनऊ हवाई अड्डे पर विमान की लैंडिंग के समय पहिए से निकला धुआं, बड़ा हादसा टला

**लखनऊ/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को बड़ा हादसा होते-होते बचा।
दरअसल, जेद्दा से आ रही सऊदी एयरलाइंस की उड़ान को हवाई पट्टी पर उतरते समय लैंडिंग गियर में तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ा।
इससे पहिए के पास चिंगारी देखी गई और हड×कंप मच गया। विमान 250 हज यात्रियों को लेकर लखनऊ पहुंचा था। घटना की जांच शुरू हो गई है।
सऊदी एयरलाइंस की एसवी-3112 शनिवार की रात 10:45 बजे जेद्दा से रवाना हुई थी। वह रविवार सुबह 6:30 बजे लखनऊ पहुंची।
हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि विमान के उतरते ही उसके बाएं पहिए से धुआं और चिंगारी निकलते देखी गई।
पायलट ने सतर्कता दिखाते ही विमान को रोका और एयर ट्रैफिक कंट्रोल को बताया। इसके बाद विमान को पीछे धकेलकर टैक्सीवे पर लाया।

### ईरान में फंसे भारतीयों को जमीनी रास्ते से सुरक्षित निकाला जाएगा, चार देशों से आएंगे भारत

**नईदिल्ली/एजेंसी।** ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध में ईरान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए भारत सरकार ने अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। सरकार ने ईरानी विदेश मंत्रालय से अनुरोध किया है कि असुरक्षित ईरानी हवाई क्षेत्र को देखते हुए भारतीयों को जमीनी रास्ते से बाहर निकालने की अनुमति दी जाए।
इस पर ईरानी विदेश मंत्रालय ने भारत सरकार समेत अन्य देशों के अनुरोध को मानते हुए जमीनी सीमाओं को खोल दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान स्थिति और देश के हवाई अड्डों के बंद होने के साथ-साथ कई राजनीतिक मिशनों ने अपने राजनयिकों और नागरिकों को विदेश स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। इसे देखते हुए, सूचित किया जाता है कि सभी भूमि सीमाएं पार करने के लिए खुली हैं। ईरान में फंसे भारतीयों को उसकी देश की सीमा से लगती अर्मेनिया, अफगानिस्तान, अजरबैजान और तुर्कमेनिस्तान से निकाला जाएगा।

### पन्ना में चमकी किसान की किस्मत, 3.01 कैरेट का मिला डायमंड

**पन्ना/एजेंसी।** रत्नगर्भा धरती पन्ना ने एक फिर नया हीरा उगला है. जिसमें किसान की किस्मत खुल गई. किसान ने हीरा कार्यालय पन्ना में हीरे को जमा करवाया है. हीरे का वजन 3.01 कैरेट है. जिसकी अनुमानित कीमत 8 से 10 लाख रुपए आंकी जा रही है, जो आगामी नीलामी में बिक्री के लिए रखा जाएगा. हीरा मिलने वाले किसान राकेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि हीरा मिलने की बहुत खुशी है. हीरे का वजन 3.01 कैरेट है. इसकी अनुमानित कीमत 8 से 10 लाख रुपए बताई जा रही है. हीरा बिक्री से जो पैसा मिलेगा, उसे हम चार पार्टनरों में बांट लेंगे.

# केंद्र सरकार ने की जनगणना से जुड़ी अधिसूचना जारी

नयी दिल्ली । एजेंसी

केंद्र सरकार ने सोमवार को 2027 में होने वाली 16वीं जनगणना के लिए राजपत्र अधिसूचना जारी कर दी है। इस जनगणना में पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी। अधिसूचना के अनुसार लद्दाख और जम्मू–कश्मीर के साथ–साथ हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के केंद्र शासित प्रदेशों में जनगणना 1 अक्टूबर, 2026 की मध्यरात्रि से शुरू होगी, जबकि देश के बाकी हिस्सों में गिनती 1 मार्च, 2027 की मध्यरात्रि से शुरू होगी।
अधिसूचना में कहा गया है, 'केंद्रीय सरकार, जनगणना अधिनियम, 1948 (1948 का 37) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 3, उप–खंड (2), तारीख 28 मार्च, 2019 में प्रकाशित भारत सरकार के गृह मंत्रालय (भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय) की अधिसूचना संख्या का.आ. 1455(अ), तारीख 26 मार्च, 2019 के अधिक्रमण में उन बातों के सिवाय जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है। यह घोषणा करती है कि भारत की जनसंख्या की जनगणना वर्ष 2027 के दौरान की जाएगी।' अधिसूचना में कहा गया है,

### इस जनगणना में पहली बार जाति गणना भी होगी शामिल




- लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्र में जनगणना 1 अक्टूबर, 2026 की मध्यरात्रि से शुरू होगी
- देश के बाकी हिस्सों में गिनती 1 मार्च, 2027 की मध्यरात्रि से शुरू होगी
- जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग कर डिजिटल माध्यम से की जाएगी
- लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा

# गुणवत्ता युक्त दवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच जरूरी : भारत

### संबद्ध देशों के औषधि नियामकों में आपसी सहयोग और संवाद आवश्यक

नयी दिल्ली । एजेंसी

भारत ने वैश्विक स्तर पर गुणवत्ता युक्त दवाओं की सार्वभौमिक पहुंच पर बल देते हुए कहा है कि संबद्ध देशों के औषधि नियामकों में आपसी सहयोग और संवाद आवश्यक है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सोमवार को यहां भारतीय फार्माकोपिया आयोग के नीति निर्माताओं के द्वितीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत संवाद और नियोजन से अपने साझेदार देशों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है और नियामक सहयोग को आगे बढ़ाने तथा फार्माकोपियल मानकों की मान्यता को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने की आशा कर रहा है, ताकि 'सभी के लिए स्वास्थ्य' के साझा लक्ष्य की दिशा में तेजी से प्रयास किये जा सकें।



गुणवत्तापूर्ण दवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता और वैश्विक स्वास्थ्य समानता के लिए नियामक सामंजस्य के महत्व पर जोर देते हुए पटेल ने कहा कि भारत किफायती स्वास्थ्य सेवा समाधानों के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा है और ज्ञान–साझाकरण, क्षमता–निर्माण और स्वास्थ्य कूटनीति से अन्य देशों के साथ अपनी साझेदारी को गहरा करना करना चाहता है। उन्होंने जन औषधि केंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि टीके उपलब्ध कराने की दिशा में भारत ने बहुत तेज प्रगति की है। भारत टीकों का अग्रणी आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के कुल टीकों में से 70 प्रतिशत भारत के होते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड–19 महामारी के दौरान भारत ने 'वैक्सीन मैत्री' पहल शुरू की और एक सौ से अधिक मित्र देशों को टीके की आपूर्ति की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत जेनेरिक दवा निर्माण में अग्रणी बना हुआ है। अमेरिका में जेनेरिक दवाओं का 14 प्रतिशत हिस्सा भारत से आता है। वर्तमान में 15 देश भारतीय फार्माकोपिया को दवा मानकों को मान्यता देते हैं।

# उत्तर भारत के कई राज्यों में अंधड़-बारिश का कहर, तापमान में आई गिरावट

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

पश्चिमी विक्षोभ के चलते उत्तर भारत में मौसम का मिजाज बदल गया है। रविवार को अधिकांश इलाकों में बारिश के साथ चली तेज हवा से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली।
भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को केरल, तमिलनाडु, गुजरात, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार, असम, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।
इसके अलावा 72 घंटों में कई इलाकों में बहुत भारी बारिश हो सकती है।
उत्तर प्रदेश में रविवार को कई इलाकों में बारिश होने से गर्मी के तेवर ढीले पड़ गए हैं, लेकिन वज्रपात, आंधी-बारिश से विभिन्न जिलों में 30 लोगों की जान चली गई। सोमवार सुबह से कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हुई है। 55 से ज्यादा जिलों में तेज हवा चलने, बिजली गिरने और झमाझम बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। अगले 5 दिनों में बारिश के साथ तापमान में 5-7 डिग्री की गिरावट आने का पूर्वानुमान है।
मध्य प्रदेश में मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। कहीं भीषण गर्मी और उमस परेशान कर रही है तो कहीं जोरदार बारिश और ओलावृष्टि ने दस्तक दी।
मौसम विभाग ने प्रदेश में 16 जून के लिए भी बारिश, आंधी और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है।
बिहार में भी कुछ इलाकों में तेज हवा चलने के साथ बौछार पडने के आसार हैं। राजस्थान में भी सोमवार को 11 जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है।
दिल्ली में रविवार अलसुबह 104 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज आंधड़ के साथ हुई बारिश ने गर्मी से राहत प्रदान की है।



### अमरोहा में अवैध पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त विस्फोट, 5 महिलाओं समेत 6 की मौत

**अमरोहा/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा में सोमवार को एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हो गया। हादसे में 5 महिलाओं समेत 6 लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक मजदूर बताए जा रहे हैं।
फैक्ट्री अतरासी गांव के जंगलों में चल रही थी। हादसे में 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।
पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। कुछ लोग मलबे में दबे हैं।
स्थानीय लोगों का कहना है कि दोपहर बाद अचानक हुए धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई थी और फैक्ट्री का मलबा 300 मीटर पड़ा मिला है।

# पवन ऊर्जा क्षेत्र और तीन प्रमुख चुनौतियां

देश में बिना बाधा के बिजली आपूर्ति में पवन ऊर्जा का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। इस दिशा में मोदी सरकार पूरी ईमानदारी से प्रयासरत है। सरकार मानती है कि इस क्षेत्र में कई चुनौतियां हैं। इनसे पार पाने के बाद ही स्थिति में क्रांतिकारी परिवर्तन आ सकता है। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जामंत्री पह्लाद जोशी ने 15 जून को बेंगलुरु में वैश्विक पवन ऊर्जा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पवन ऊर्जा क्षेत्र के लिए तीन चुनौतियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, हमें 24 घंटे बिजली और ग्रिड स्थिरता प्रदान करने के लिए पवन को सौर और भंडारण (बीईएसएस) के साथ जोड़ना होगा। दूसरा, शुल्क प्रतिस्पर्धी होना चाहिए। 3.90 रुपये प्रति यूनिट की दर बहुत अधिक है। हमें लागत कम करने के लिए मिलकर काम करना होगा। तीसरा, घरेलू विनिर्माण को और अधिक कुशल बनना होगा। साथ ही अपने लक्ष्यों को पूरा करने के साथ निर्यात को प्रोत्साहन भी देना होगा।

वैश्विक पवन ऊर्जा दिवस पर आयोजित सम्मेलन के संदर्भ में भारत सरकार के पत्र और पीआईबी की विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्र सरकार के निरंतर नीतिगत समर्थन से पवन ऊर्जा क्षेत्र ने पर्याप्त वृद्धि प्रदर्शित की है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तत्वावधान में बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार के प्राधिकरणों, डिस्कॉम, सीपीएसयू, पवन उद्योग, शिक्षाविदों, प्रमुख विचारकों, प्रमुख हितधारकों आदि की भागीदारी से देश में पवन ऊर्जा विकास की प्रगति सहित प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में पवन स्वतंत्र विद्युत उत्पादक संघ (डब्ल्यूआईपीपीए), भारतीय पवन टरबाइन निर्माता संघ (आईडब्ल्यूटीएमए) और भारतीय पवन ऊर्जा संघ (आईडब्ल्यूपीए) का भी सहयोग रहा। केंद्रीयमंत्री जोशी ने कार्यक्रम में मौजूद हितधारकों को संबोधित किया। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि पवन ऊर्जा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए भारत की रणनीति के केंद्र में है। जोशी ने कहा कि वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के लिए भारत को ऊर्जा की अधिक आवश्यकता है, चाहे वह सौर ऊर्जा हो, पवन ऊर्जा हो या ऊर्जा का कोई अन्य स्वरूप हो।

कार्यक्रम में जोशी ने यह कहकर चिंता कम की कि भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य महत्वाकांक्षी और स्पष्ट हैं। वर्ष 2030 तक हमारी बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से होगा। वर्ष 2070 तक भारत शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला देश बन जाएगा। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के में पवन ऊर्जा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। पवन ऊर्जा अक्षय ऊर्जा रणनीति का घटक नहीं है, लेकिन यह इसके दिल में है और आत्मनिर्भर भारत के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें 'विनिर्माण के लिए अक्षय ऊर्जा और घरेलू खपत के लिए पारंपरिक ऊर्जा' का एक दृष्टिकोण दिया है। हम उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण अक्षय ऊर्जा उत्पादन, भंडारण और उपयोग के महत्व पर बल देता है, ताकि जब भारत निकट भविष्य में वैश्विक विनिर्माण केंद्र बन जाए, तो वह अक्षय ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में सक्षम हो सके।

जोशी ने कहा कि भारत में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, क्योंकि इसकी विश्व स्तर पर चौथी सबसे बड़ी पवन ऊर्जा स्थापित क्षमता है और यह तीसरा सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा उत्पादक है। उन्होंने कहा कि किसी ने नहीं सोचा था कि भारत 10 वर्ष में अक्षय ऊर्जा का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन जाएगा, लेकिन आज यह एक वास्तविकता है। सरकार इस क्षेत्र को पूरी गंभीरता से सहायता प्रदान कर रही है। इस वर्ष अक्षय ऊर्जा बजट में 53 प्रतिशत यानी 26,549 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। इसमें से एक बड़ा हिस्सा पवन ऊर्जा को दिया गया है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग की ओर संक्रमण अपरिहार्य है। राज्यों को इस संक्रमण का नेतृत्व करना चाहिए। भूमि की उपलब्धता और पारेषण में देरी को दूर करना होगा। यह संकोच का समय नहीं है, यह कार्यान्वयन का समय है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत 225 किलोवाट से लेकर 5.2 मेगावाट तक की क्षमता वाले पवन टर्बाइनों का निर्माण कर रहा है। इसमें 14 कंपनियां 33 मॉडल तैयार कर रही हैं। यह टर्बाइन हमारी घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करते हैं और वैश्विक स्तर पर लागत-प्रतिस्पर्धी भी हैं।

जोशी का मानना है कि राष्ट्रीय पवन ऊर्जा क्षमता का पूरी तरह से उपयोग करने के लिए समन्वित राष्ट्रीय प्रयास की आवश्यकता होगी। इसलिए हम पांच प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसके तहत मध्य प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा जैसे नए राज्यों में विस्तार किया जाएगा। गुजरात और तमिलनाडु में चार गीगावाट के लीजिंग क्षेत्रों की पहचान की जाएगी। भंडारण से जुड़े व्यावसायिक मॉडलों के माध्यम से चौबीसों घंटे चलने वाली और दृढ़ हरित ऊर्जा रणनीतियों में पवन ऊर्जा को एकीकृत किया जाएगा। ग्रिड का आधुनिकीकरण किया जाएगा। परिवर्तनशील नवीकरणीय ऊर्जा के प्रबंधन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)-आधारित पूर्वानुमान में निवेश किया जाएगा। पूरी पवन ऊर्जा मूल्य शृंखला में स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन समय की जरूरत है। जोशी ने कार्यक्रम में पवन ऊर्जा रूपरेखा और विनिर्माण कार्ययोजना पर रिपोर्ट भी जारी की। इस रिपोर्ट में मजबूत और आत्मनिर्भर पवन ऊर्जा इको सिस्टम पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने सुखद यह है कि कर्नाटक 1331.48 मेगावाट की पवन ऊर्जा क्षमता वृद्धि के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद तमिलनाडु (1136.37 मेगावाट) और गुजरात (954.76 मेगावाट) का स्थान है।

# ईरान-इजरायल युद्ध से दुनिया के सामने नयी चुनौती



ललित गर्ग

इजरायल ने ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम ठिकानों' पर अचानक हमला करके न सिर्फ दुनिया को चौंका दिया है बल्कि पश्चिमी एशिया के पूरे क्षेत्र को अनिश्चितता, भय, अशांति एवं संकट के भंवर में डाल दिया है। ईरान जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल को करारा जवाब दे रहा है। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। लेकिन इन दो राष्ट्रों के संघर्ष एवं युद्ध में समूची दुनिया पीस रही है। एक और युद्ध से दुनिया में विकास का रथ थमेगा, महंगाई बढ़ेगी, तेल के दाम आसमान छूने लगेंगे, व्यापक जनहानि होगी। युद्ध कभी भी किसी के हित में नहीं होता, आखिर समझौते के लिये टेबल पर बैठना ही होता है, तो पहले ही टेबल पर क्यों न बैठा जाये? विनाश एवं सर्वनाथ करने के बाद युद्ध विराम करना कैसे बुद्धिमत्ता है?

इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक एवं विनाशकारी रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। ईरान ने तो जवाबी कार्रवाई का इरादा जता ही दिया है, खुद इजरायल सरकार ने भी अपने नागरिकों से अगले कुछ दिन घरों के अंदर रहने और खाने-पीने का सामान इकट्ठा कर लेने को कहा है। इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13 प्रतिशत बढ़ गईं। दुनिया के शैयर बाजार धराशायी हो गये हैं। इसमें दो राय नहीं कि इजरायल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाए। उसका कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर 15 परमाणु बम बना सकता था। एक भयानक संशय का वातावरण बना हुआ है। पहले रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमाम, कुछ समय भारत-पाक और अब इजरायल-ईरान के बीच युद्ध की स्थितियां बनना विश्व युद्ध की संकटपूर्ण स्थितियों को बल दे रही है। संशय से भरा हुआ आदमी प्रेम एवं मानवीयता से खाली होता है। पारस्परिक स्नेह, सद्भाव, सौहार्द और विश्वास के अभाव में उसका संदेहशील मन सदैव युद्ध, हिंसा, सुरक्षा के साधन जुटाने में संलग्न रहता है। उसका मन कभी निर्भय नहीं होता, वृत्तियां शान्त नहीं होतीं, संग्रह उसके सुख, संतोष और शांति को सुरसा बन लील जाता है।





जिसने परमाणु-शस्त्रों के निर्माण और फैलाव से विश्व को तनाव और संत्रास का वातावरण दिया, अनिश्चय और असमंजस की विकट स्थिति दी, उसने विश्व शांति के धरातल छिन लिया है। इन विनाशकारी स्थितियों में मानवीय सहृदयता, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व की भावना को कैसे अक्षुण्ण रखा जा सकता है? अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव कर तीसरी दुनिया को विकास के समुचित अवसर और साधन देने की संभावनाएं कैसे बलशाली बन सकती है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देना वर्तमान की बड़ी जरूरत है। क्योंकि वर्तमान युद्ध की जटिल से जटिलतर होती परिस्थितियों को देखें तो यह पश्चिम एशिया से लेकर दक्षिण एशिया और समग्र वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत खतरनाक समय है। यदि अन्य देश भी इस संघर्ष में खेमेबाजी का शिकार होकर जुड़ते गए तो यह खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। अच्छी बात यही है कि अभी तक तो ऐसा कुछ नहीं हुआ है। भारत के लिए बेहतर यही होगा कि शांति एवं कूटनीतिक विकल्पों की वकालत करता रहे, लेकिन उसे खुद भी किसी भी प्रकार की स्थितियों के लिए तैयार रहना होगा। दुनिया में पहले से ही काफी उथल पुथल मची हुई है। अरब देश संघर्ष लंबा खिंचने पर क्या रूख अख्तियार करते हैं। मुस्लिम देशों की जनता में यह सोच पहले से है कि यहूदी सरकार मुस्लिमों पर अत्याचार कर रही है। ऐसे में उनके लिए भी अपनी जनता की भावनाओं को नियंत्रित करना आसान नहीं होगा। वहीं इजरायल के सामने भी एक बड़ी चुनौती है कि अगर उसने संघर्ष शुरू किया है तो वह ईरान के खतरे को हमेशा के लिए खत्म करे। ऐसे में इजरायल का सैन्य अभियान लंबा चल सकता है। वह लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध को जारी रख सकता है। इसके लिए ईरान की सत्ता में बदलाव या राजनीतिक नेतृत्व को खत्म करना होगा। यहां अमेरिका का समर्थन अहम होगा। बेहतर होगा दुनिया को भारी नुकसान से बचाने के लिये पूतिन एवं ट्रंप युद्ध की आग बुझाने की कोशिश करें। उनका आपस का दोस्ताना संवाद फिलहाल दुनिया के लिये अकेली उम्मीद की किरण है, हालांकि यूरोपीय संघ को और विशेषतः चीन कुछ हद तक यह अच्छा नहीं लगेगा। लेकिन युद्ध के अंधेरों एवं शांति के उजालों के लिये यही एक रास्ता है।

ईरान पर इजरायल के हमले ने पहले से युद्धरत एवं अस्थिर दुनिया को अधिक वैश्विक संघर्ष की ओर ढकेल दिया है। ईरान भी अपनी पूरी क्षमता के साथ इजरायल पर मिसाइलों से हमला कर रहा है। उधर, इजरायल इस बात पर अड़ा है कि जब तक वह ईरान की परमाणु बम बनाने की क्षमता और मिसाइलों के जखीरे को खत्म नहीं कर देता है तब तक हमले जारी रहेंगे। अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो सिर्फ दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा। आगे चलकर इसमें अमेरिका, चीन और रूस जैसी बड़ी शक्तियां शामिल हो सकती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध से दुनिया पहले ही दो खेमों में बंटी दिख रही है। ईरान ऐसी जगह पर हैं, जहां से वह बहुत सीमित संसाधनों के साथ समुद्र से होने वाले वैश्विक व्यापार को बाधित कर सकता है। इससे ग्लोबल सप्लाई चेन चरमरा सकती है, विश्व व्यापार ठप्प हो सकता है और विश्व में तेल आपूर्ति का संकट पैदा हो सकता है।

इजरायल ईरान को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। खासकर उसे लगता है कि अगर ईरान ने परमाणु बम बना लिया तो उसके लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा। यह खतरा इजरायल के साथ अन्य देशों के लिये भी होगा। इसलिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि हम ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने देंगे। जो आपरेशन शुरु किया है, उसे लक्ष्य हासिल होने तक जारी रखेंगे। ईरान का परमाणु शक्ति बनना एक बड़ा खतरा है, इस बड़े खतरे को समाप्त करना ही ऑपरेशन राइजिंग लायन का लक्ष्य है। इसी समय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आना भी इजरायल के बेहतर मौका लेकर आया और यहां अमेरिका का समर्थन अहम हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये कहा है कि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव को बार-बार खारिज किया है। बहरहाल, इस घटनाक्रम से मध्यपूर्व में इजरायल-ईरान के बीच सीधे युद्ध की आशंका बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि इजरायल और हमास, हिजबुल्ला व हूती विद्रोहियों के बीच पहले से जारी संघर्ष से संवेदनशील बने इलाके में पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

इजरायल और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं, तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो इसके जटिल परिणाम सामने आते हैं और सभी जीवन-निर्वाह की चीजों के दाम बढ़ जाते हैं। जिससे भारतीय रूपया कमजोर होने, मुद्रास्फीति बढ़ने और देश की वित्तीय स्थिति पर दबाव पड़ने का खतरा भी है। भारत अपनी जरूरतों का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है, ऐसी घटनाओं का महंगाई से लेकर व्यापार संतुलन, रोजगार से लेकर जीवन-निर्वाह तक के महत्वपूर्ण संकेतकों पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष भारत के हितों को चोट पहुंचाने वाला है। आर्थिक हित के साथ दोनों देशों के साथ भारत के सामरिक तथा रणनीतिक हित भी जुड़े हुए हैं। भारत को संतुलित रवैया अपनाना होगा, क्योंकि ईरान हमारा पुराना मित्र है, जो कश्मीर मुद्दे को लेकर इस्लामिक देशों के संगठन तक भारत का साथ देता रहा है। इजरायल हमारा महत्वपूर्ण सामरिक एवं नवाचार साझेदार है। किसी के भी पक्ष में झुकाव दुविधा को ओर बढ़ायेगा।

# चारधाम यात्रा में मौत के उड़नखटोले!



डॉ श्रीगोपाल नारसन

उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में 15 जून को तड़के एक हेलीकॉप्टर (उड़नखटोला) फिर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस हेलीकॉप्टर में पायलट समेत 7 लोग सवार थे, जिनमें एक 2 वर्ष का बच्चा भी था। इन सभी की मौके पर ही मौत हो गई है। खराब मौसम के कारण यह हादसा गौरीकुंड और त्रिजुगीनारायण के मध्य गौरीकुंड के जंगलों के ऊपर हुआ। सुबह लगभग साढ़े पांच बजे हेलीकॉप्टर ने केदारनाथ से गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी और अचानक यह हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। खराब मौसम के कारण दृश्यता कम होने की वजह से इस हादसे का होना माना जा रहा है। तत्काल राहत और बचाव दल भेजे गए। रास्ते में मौसम खराब होने के कारण अन्य स्थान पर हार्ड लैंडिंग करने से हेलीकाप्टर क्षतिग्रस्त हुआ है। इसी जून के पहले सप्ताह में भी एक हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के कारण उसकी बीच सड़क पर इमरजेंसी लैंड कराना पड़ा था। यह हेलीकॉप्टर केदारनाथ धाम यात्रियों को लेकर जा रहा था। हेलीकॉप्-टर में पांच यात्री, पायलट और सह-पायलट सवार थे। इस दौरान सह-पायलट को मामूली चोटें आई थीं। यह हेलिकॉप्टर बड़ासु हेलीपैड से उड़ान भरने के तुरंत बाद आपातकालीन लैंडिंग करने पर मजबूर हुआ था।

इस साल मई में केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद से छह सप्ताह में यह पांचवां हेलिकॉप्टर हादसा है। उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर सेवा से केदारनाथ धाम में यात्रा करने वालों की संख्या हर साल लगभग 90 हजार से एक लाख श्रद्धालुओं की है। प्रतिदिन लगभग 1500 श्रद्धालु हेलीकॉप्टर से केदारनाथ दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन मौजूदा समय में हेलीकॉप्टर की उड़ान कम होने और कुछ एजेंसियों को सस्पेंड किए जाने के बाद टिकट रद्द भी किए जा रहे हैं। टिकट रद्द के बाद श्रद्धालुओं को उनके पैसे वापस करने होंगे। अपनी व्यवस्थाओं से चारधाम यात्रा




पर आ रहे श्रद्धालुओं में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को लेकर मायूसी है। उत्तराखंड सरकार ने 15 जून के इस हादसे के बाद उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर सेवाओं को अनिश्चितकाल के लिए रोक दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मुख्य सचिव इन दुर्घटनाओं को लेकर बैठक भी कर रहे है।उत्तराखंड में 7 जून को 253 हेलीकॉप्टर शटल सेवा चली, जिसमें 1404 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ तक का सफर तय किया। 8 जून को 208 हेलीकॉप्टर शटल सेवा चली, जिसमें 1161 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ तक का सफर तय किया। 9 जून को हेलीकॉप्टर 186 शटल सेवा चली जिसमें 1043 भक्तों ने बैठकर केदारनाथ के दर्शन किए। 10 जून को मात्र 143 उड़ान केदारनाथ के लिए भरी गई। इसमें 741 श्रद्धालुओं ने सफर किया। 11 जून व 12 जून को केदारनाथ धाम में मौसम खराब होने के कारण कुछ ही हेलीकॉप्टर सुबह उड़ पाए। वास्तविकता यह है कि हेलीकॉप्टर उड़ान के दौरान अब इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा कि कहीं अत्यधिक वजन ढोने, कम निचाई पर हेलीकॉप्टर की उड़ान और एक के बाद एक उड़ान भरने के साथ-साथ दूसरी कोई लापरवाही तो नहीं बरती जा रही है। हेलीकॉप्टर के इंजन को आराम मिल सके, साथ ही पायलट को भी बीच में अच्छा खासा ब्रेक मिले, इस बात को भी सुनिश्चित किया जाना जरूरी है।

उत्तराखंड चारधाम यात्रा के दौरान पिछले दिनों हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं के बाद डीजीसीए ने हेली संचालन से संबंधित कुछ पाबंदी लगाई हैं। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हर साल बढ़ रही है। चारधाम यात्रा में खासकर केदारनाथ धाम में हेली सर्विस के माध्यम से लगातार श्रद्धालु केदारनाथ के दर्शन कर रहे हैं। हेलीकॉप्टर का सबसे ज्यादा संचालन केदारनाथ धाम के लिए ही हो रहा है। लेकिन हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं में इजाफा होने से सरकार और श्रद्धालु दोनों चिंतित है।

बीती 8 मई 2025 को उत्तरकाशी के गंगनानी के पास हेलीकॉप्टर क्रैश में 6 लोगों की मौत हुई। इस साल की इस यात्रा के दौरान 30 दिनों के भीतर चार हेलीकॉप्टर हादसों में 13 लोगों की जान और करोड़ों रुपये के हेलीकॉप्टर क्षतिग्रस्त हो गए है। पर्यटन नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने भी इस बात की पुष्टि की है कि डीजीसीए हेली सर्विस पर रिव्यू कर रहा है। इस रिव्यू के तहत कई तरह की रोक व पाबंदियां भी चारधाम यात्रा पर चल रही हैं। केदारनाथ के लिए उड़ने वाली हेलीकॉप्टर सेवा को रेग्युलेट भी किया गया है। हादसे से पहले एक घंटे में यात्रियों को लेकर हेलीकॉप्टर 25 से 30 बार उड़ा करते थे, यह उड़ान तीन अलग-अलग जगह से होती थी। लेकिन अब अब मात्र 1 घंटे में 9 से 10 उड़ान भरी जा रही हैं। डीजीसीए ने यह भी साफ किया है कि जिस हेलीकॉप्टर में छह सवारियां यात्रा कर रही थी, उन हेलीकॉप्टर में अब सिर्फ 3 से 4 सवारियां ही यात्रा कर पाएंगी।

इसके साथ ही वजन और मौसम का भी ध्यान रखा जाएगा। साथ ही मौसम जरा भी खराब होता है तो कोई भी हेली एजेंसी हेली के संचालन को लेकर दबाव नहीं बनाएगी। डीजीसीए हर एक उड़ान और एविएशन की सारी एक्टिविटी पर नजर रख रहा है। ताकि इस रिव्यू को बेहतर तरीके से किया जा सके और आगे का फैसला लिया जा सके। लेकिन इन पाबंदियों के बावजूद खराब मौसम में हेलीकॉप्टर ने 15 जून की सुबह उड़ान भरी जो दुर्घटना का कारण बन गई और 7 जिंदगियां खत्म हो गई।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# चारधाम यात्रा : बढ़ते हैलीकॉप्टर हादसे श्रद्धालुओं के जीवन से खिलवाड़



मनोज कुमार अग्रवाल

उत्तराखंड में चारधाम मार्ग पर हैलीकॉप्टर सेवा दे रही कंपनी मुनाफे के लिए नियम कानून की अनदेखी कर श्रद्धालुओं की जान से खेल रहीं हैं। हेलीकॉप्टर हादसे या हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारने की लगातार हो रही घटनाओं ने लोगों और प्रशासन की चिंताएं बढ़ा दी हैं। रविवार सुबह आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का एक हेलीकॉप्टर केदारनाथ से गुप्तकाशी लौटते समय गौरीकुंड के ऊपर हादसे का शिकार हो गया। यह इस साल चारधाम यात्रा मार्ग पर हेलीकॉप्टर हादसे की पांचवीं घटना है। इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार सभी पांच श्रद्धालुओं, एक पायलट और बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के एक प्रतिनिधि समेत सात लोगों की मृत्यु हो गयी। केदरानाथ धाम की यात्रा पर जानेवाले तीर्थयात्री लंबी और कठिन पदयात्रा नहीं कर पाने की स्थिति में हेलिकॉप्टर की सेवा लेते हैं। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को भी इस सेवा से केदारनाथ धाम के दर्शन में सुविधा होती है। पिछले कुछ वर्षों में हेलीकॉप्टर की बुकिंग में भी काफी बढ़ोतरी देखने को मिली है। चार धाम यात्रा के दौरान यहां हेलीकॉप्टर लगातार उड़ान भरते रहते हैं।केदारनाथ धाम के लिए गुप्तकाशी, सिरसी व फाटा से हेलीकॉप्टर सेवा का संचालन होता है। वहीं इस यात्रा के दौरान अब तक पांच हादसे हो चुके हैं। रविवार को गौरीकुंड में हुए हादसे में सात लोगों की जान चली गई। आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का एक हेलीकॉप्टर केदारनाथ से गुप्तकाशी लौटते समय गौरीकुंड के ऊपर हादसे का शिकार हो गया। यह इस साल चारधाम यात्रा मार्ग पर हेलीकॉप्टर हादसे की पांचवीं घटना है। मृतकों में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के दो-दो, जबकि उत्तराखंड, गुजरात और राजस्थान के एक-एक यात्री शामिल हैं. हादसे के बाद मौके पर पहुंचे बचाव दल को शवों की पहचान में दिक्कतें आ रही हैं, क्योंकि वे बुरी तरह झुलस चुके हैं. अधिकारियों ने बताया कि डीएनए जांच के बाद ही शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

**आपको अब बताते हैं कि केदारनाथ धाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवाओं की क्या स्थिति है?**

केदारनाथ धाम के लिए लिए गुप्तकाशी, फाटा और सिसिरी से हेलीकॉप्टर से उड़ान भरते हैं। फिलहाल यहा कुल 8 हेली कंपनियां सेवाएं दे रही है। इन कंपनियों के हेलीकॉप्टर के लिए कुल 9 हैलीपैड बनाए गए हैं। **गुप्तकाशीः** 2 हेलीकॉप्टर कंपनी सर्विस दे रही है। **फाटाः** 3 हेलीकॉप्टर कंपनी सर्विस दे रही **हैसिसरीः** 3 हेलीकॉप्टर कंपनी सर्विस दे रही है।

आपको बता दें कि पिछले दो महीने से 1 दिन में यह सभी कंपनियां मिलकर औसतन 215 उड़ानें भर रही हैं। मौसम ठीक होने पर एक दिन में अधिकतम 290 उड़ानें भरी गई हैं। हेलीकॉप्टर में पायलट को मिलाकर अधिकतम 6 लोग बैठ सकते हैं। गौरीकुंड में जो हेलीकॉप्टर क्रैश हआ उसमें 7 लोग



थे क्योंकि एक 2 साल का बच्चा था जिसका वजन 10 किलो था इसीलिए कुल संख्या 7 थी।

शुरुआती जांच के अनुसार, खराब मौसम, घना कोहरा और तेज हवाएं दुर्घटना की वजह मानी जा रही हैं.

इस हादसे से सिर्फ एक हफ्ता पहले केदारनाथ जा रहे केस्ट्रल एविएशन के एक हेलीकॉप्टर को सात जून को उड़ान भरने के तत्काल बाद एक तकनीकी समस्या के कारण सड़क पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा था। हेलीकॉप्टर के आबादी के पास एक सड़क पर उतरने के कारण उसका 'टेल रोटर' वहां खडी एक कार के ऊपर काफी देर तक घूमता रहा जिसका वीडियो भी खूब वायरल हुआ था। हालांकि, घटना में केवल पायलट को ही चोटें आयीं और हेलीकॉप्टर में सवार पांचों श्रद्धालु सुरक्षित बच गए।

वहीं करीब एक माह पहले आठ मई को उत्तरकाशी जिले के गंगनानी में गंगोत्री धाम जा रहा निजी कंपनी का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें पांच महिला श्रद्धालु समेत छह लोगों की मौत हो गयी थी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ था ।

बारह मई को भी श्रद्धालओं को लेकर बदरीनाथ से सिरसी लौट रहे एक हेलीकॉप्टर को खराब दृश्यता के कारण उखीमठ में एक स्कूल के मैदान में आपात स्थिति उतरना पड़ा था। हालांकि, एक घंटे बाद मौसम सुधरने पर हेलीकॉप्टर ने पुनः उड़ान भर ली थी। सत्रह मई को एम्स ऋषिकेश की एक हेली एम्बुलेंस का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके कारण वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हालांकि, इसमें सवार तीनों व्यक्ति- एक चिकित्सक, एक पायलट और एक मेडिकल स्टॉफ सदस्य सौभाग्यशाली रहे कि वे सुरक्षित बच गए।

यहां गौरतलब है कि उड्डयन नियामक संस्था डीजीसीए ने एक हफ्ते पहले उड़ानों की संख्या कम करने के निर्देश दिए थे। इस गाइडलाइंस के मुताबिक 1 घंटे में केवल दो उड़ानें ही भरी जाएंगी। अगर मौसम ठीक होता है तो एक घंटे में अधिकतम तीन उड़ानें भारी जा सकती हैं। हेलीकॉप्टर में फ्यूल का वजन और टेंपरेचर देख कर ही यात्रियों को बैठाया जा सकता है। यानी अगर फ्यूल कम है तो अधिकतम 6 लोग बैठेंगे। अगर 45 किलो का फ्यल परा है तो यात्री कम बैठेंगे। इस साल चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद करीब डेढ़ माह में यात्रा मार्ग पर हुआ यह पांचवां हेलीकॉप्टर हादसा है। यह साबित करता है कि राज्य सरकार का यात्रा मार्ग पर हेलीकॉप्टर चला रही कंपनियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। हेलीकॉप्टर संचालन के लिए कोई एसओपी नहीं है। पैसा कमाने के लिए हेली कंपनियां यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही हैं। एक दिन में हेलीकॉप्टरों द्वारा लगाए जाने वाले चक्करों की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

यह भी जान लें कि फाटा हेलीपैड से केदारनाथ की दूरी केवल 31 किमी है। हेलीकॉप्टर को यह दूरी तय करने में केवल 9 मिनट का समय लगता है। इस यात्रा के लिए एक तरफ का किराया 2,500 रुपया लगता है। सिसरी हेलीपैड से केदारनाथ की दूरी केवल 23 किमी है। इस दूरी को तय करने में हेलीकॉप्टर को 11 मिनट लगता है। वहीं गुप्तकाशी हेलीपैड से केदारनाथ की दूरी 45 किमी है और हेलीकॉपटर को यहां पहुंचने में 15 मिनट का समय लगता है। इस रूट पर एक तरफ का किराया 3,800 रुपया है। रोजाना करीब 1500 यात्री हेलीकॉप्टर से चारधाम के दर्शन करने के लिए जाते हैं।

हादसे के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपात बैठक बुलाई और सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब उच्च हिमालय क्षेत्रों में उड़ान भरने वाले पायलटों के लिए अनुभव अनिवार्य होगा। साथ ही सभी एविएशन कंपनियों को मानकों का सख्ती से पालन करना होगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि इस हादसे के लिए जो भी जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सरकार ने फिलहाल चारधाम हेलीकॉप्टर सेवा पर रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि एक कंट्रोल एंड कमांड सेंटर स्थापित किया जाएगा, ताकि हेलीकॉप्टर सेवाओं पर बेहतर निगरानी रखी जा सके।

हेलीकॉप्टर हादसों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय बन गई है। हर साल लाखों श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर जाते हैं, ऐसे में एक छोटी चूक भी बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है। कड़े नियमों और सुरक्षा मानकों के साथ उड़ानों की समीक्षा की भी जरूरत है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### वैभव गालरिया को राजस्थान मेट्रो रेल निगम लिमिटेड एमडी का अतिरिक्त प्रभार

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** कार्मिक विभाग ने एक आदेश जारी कर तीन आइएएस को अतिरिक्त विभागों की जिम्मेदारी दी है। शहरी विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख सचिवै 'वैभव गालरिया को राजस्थान मेट्रो रेल निगम लिमिटेड (आरएमआरसीएल) के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इसी प्रकार पशुपालन, मत्स्य एवं गोपालन विभाग के सचिव समित शर्मा के 11 जुलाई तक मंसूरी ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेने जाने के कारण इनके विभाग की जिम्मेदारी सहकारिता विभाग की प्रमुख सचिव एवं रजिस्ट्रार मंजू राजपाल को दी गई हैं। साथ ही समित शर्मा के जिम्मे अतिरिक्त प्रभार के विभाग आरएसएलडीसी के चेयरमेन तथा कौशल, रोजगार और उद्यमिता विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार आइएएस पी. के. रमेश को दिया गया है।



### दिनेश प्रजापत बने जयपुर जिला मीडिया प्रभारी

**चमकता राजस्थान/दिनेश प्रजापत/सांगानेर।** दक्ष प्रजापति सेवा संस्थान के मुख्य अध्यक्ष बलवंत प्रजापति ने श्रीरामपुरा लांखना रिंग रोड निवासी दिनेश प्रजापत को जयपुर जिला मीडिया प्रभारी पद पर मनोनीत किया। नवनियुक्त दक्ष प्रजापति सेवा संस्थान के जयपुर जिला मीडिया प्रभारी दिनेश प्रजापति ने राजस्थान जिला मीडिया प्रभारी पद पर मनोनीत के लिए संस्थान के मुख्य अध्यक्ष बलवंत प्रजापति एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति व समाज तथा देश विकास का मल मंत्र शिक्षा है। शिक्षित समाज विकसित समाज की अवधारणा पर जरूरतमंद बच्चों के लिए कार्य कर रही दक्ष प्रजापति सेवा संस्थान के युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी दौरान संस्थान कार्यकारी मुख्य संरक्षक निर्मलेश प्रजापति , अध्यक्ष गिर्राज प्रसाद प्रजापति, उपाध्यक्ष राजेश प्रजापति, महामंत्री सीताराम प्रजापति, कोषाध्यक्ष ज्योति प्रकाश प्रजापति ने बधाईयां दी।



### कक्षा 11वीं (विज्ञान वर्ग) में प्रवेश हेतु आवेदन शुरू

**चमकता राजस्थान/फलोदी/ अनिल पुष्करणा।** स्थानीय स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, फलोदी में सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 11वीं विज्ञान वर्ग में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रधानाचार्य श्री देवेंद्र थानवी ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक विद्यार्थी विद्यालय से आवेदन प्राप्त कर ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 जून 2025 निर्धारित की गई है। विद्यालय में विज्ञान संकाय के अंतर्गत जीव विज्ञान तथा गणित वर्ग में प्रवेश हेतु सीमित सीटें उपलब्ध हैं। पात्रता अनुसार आवेदन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय समय में संपर्क किया जा सकता है।

### 26 जून तक मनाया जाएगा नशामुक्त भारत पखवाड़ा, जनजागरूकता के लिए होंगे विविध आयोजन

**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण।** जिले में मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध जन-जागरूकता हेतु 1 जून से 26 जून तक ''नशामुक्त भारत पखवाड़ा'' मनाया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस अभियान में विभिन्न विभागों द्वारा जनहित में जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी. टी. ने बताया कि पखवाड़े के अंतर्गत 18 जून को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त निजी शिक्षण संस्थानों द्वारा शैक्षणिक परिसरों व कोचिंग सेंटरों में सेमिनार एवं संवाद कार्यक्रम होंगे। 19 जून को सभी जिला स्तरीय अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में शपथ ग्रहण कराया जाएगा। यह शपथ एनएमबीए पोर्टल पर ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से ली जाएगी 21 जून को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा योग एवं ध्यान शिविर आयोजित किए जाएंगे। 22 से 24 जून तक जिले में संचालित नशामुक्ति केंद्रों द्वारा आउटरीच कार्यक्रम चलाया जाएगा। वहीं, 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक एवं सीओ स्काउट के निर्देशन में वॉकथॉन, मिनी मैराथन, साइकिल/बाइक रैली एवं सेमिनार व कार्यशालाएं आयोजित होंगी।

### स्नातक प्रथम सेमेस्टर प्रवेश की तारीख बढ़ाने की मांग, ABVP ने दिया ज्ञापन



**चमकता राजस्थान/फलोदी/ अनिल पुष्करणा।** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद जिला फलोदी ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में हो रहे स्नातक प्रथम सेमेस्टर प्रवेश की तारीख बढ़ाने की मांग कि है। अखिल भारतीय विधार्थी परिषद जिला फलोदी ने प्राचार्य जय नारायण मोहनलाल पुरोहित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय फलोदी को ज्ञापन दिया जिसमें बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में हो रहे स्नातक प्रथम सेमेस्टर प्रवेश 04 जून से 16 जून तक था। आकस्मिक कारणों से बहुत सारे विद्यार्थी प्रवेश से वंचित ना हो जाए इसके लिए प्रवेश दिनांक को आगे बढ़ाई जाए ताकि वे विद्यार्थी जिनका परीक्षा परिणाम देरी से जारी हुआ है, वो भी प्रवेश ले सके। इस दौरान प्रांत कार्यकारणी सदस्य घेवर खारा, इकाई सचिव कविता आचार्य, भाग संयोजक यश दवे, नगर सह मंत्री संदीप ऊदाणी, महाविद्यालय छात्रा प्रमुख लक्ष्मी राजपुरोहित , महाविद्यालय छात्रा सह प्रमुख रवीना माली, मोहित, कृष्ण, सूरज, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जताया आभार

# राजस्थान में मिली 1001 किलोमीटर की सड़को के लिए 1915 करोड़ रुपये की स्वीकृति

चमकता राजस्थान

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया की केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने राजस्थान में केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के तहत कुल 1000.90 किलोमीटर लंबाई की 40 राज्य सड़क परियोजनाओं के लिए 1914.71 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। इसकी स्वीकृति आगामी एक दो दिवस में प्राप्त हो जाएगी।



इसके साथ ही प्रदेश में 104.49 किमी हाईवे परियोजनाओं के निर्माण के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा लगभग

### 4 लेन के नागौर बायपास निर्माण और नागौर नेत्रा खंड के चारलेनकरण कार्य के लिए 1394 करोड़ रु मंजूर

1394 करोड़ रुपये की लागत की नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी का इन स्वीकृतियों के लिए आभार जताया है । उन्होंने बताया की 1914.71 करोड़ लागत की इन परियोजनाओं में मुख्य रूप से विभिन्न राज्य सड़कों (31 प्रमुख जिला सड़कें, 8 राज्य राजमार्ग और 1 अन्य जिला सड़कें) के खंडों का मजबुतीकरण और चौड़ाईकरण शामिल है। इससे राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में बेहतर सड़क संपर्क और निर्बाध यात्रा प्रदान करने में मदद मिलेगी।

इसके साथ ही 1394 करोड़ की लागत से चार लेन के नागौर बाईपास (अमरपुरा से गोगेलाव) का निर्माण तथा नागौर नेत्रा सड़क के 4 लेन का कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इन महत्वपूर्ण स्वीकृतियों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताते हुए कहा कि ''राजस्थान के विकास के लिए केंद्र से मिल रहा भरपूर सहयोग सराहनीय है।''

## धौलपुर स्टेशन पर विशेष टिकट जांच अभियान, 119 यात्रियों से वसूला गया 54,800 रुपये का जुर्माना

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों में अनुशासन व जिम्मेदारी सुनिश्चित करने हेतु धौलपुर रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के निर्देशन में एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हृषिकेश मौर्य के मार्गदर्शन में दिनांक 15 जून 2025 को आयोजित किया गया। इस सघन जांच अभियान का नेतृत्व सहायक वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट) संजीव कुमार ने किया। टीम द्वारा धौलपुर स्टेशन से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों–22685, 12178, 11901, 12715, 12138, 18477, 18238, 11107, 12189,



19666, 12280–में सघन जांच की गई।

इस दौरान 53 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते पाया गया, जिनसे 28,120/- का जुर्माना वसूला गया। वहीं 60 यात्रियों द्वारा अनियमित यात्रा करने पर 25,980/- तथा गंदगी फैलाने एवं धूम्रपान करने वाले 6 यात्रियों से 700/- का जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार कुल 119 यात्रियों से 54,800/- का समन शुल्क वसूल किया गया। इस जांच में मंडल वाणिज्य निरीक्षक मगन मीना, मंडल मुख्य टिकट निरीक्षक एल. आर. मीना, रेल सुरक्षा बल, एवं अन्य टिकट जांच कर्मियों ने भाग लिया। जनसंपर्क अधिकारी कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि इस प्रकार के टिकट जांच अभियानों का उद्देश्य यात्रियों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे यात्रा से पूर्व उचित टिकट अवश्य लें, निर्धारित सीमा से अधिक सामान को बुक कराएं तथा रेल परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। रेलवे प्रशासन द्वारा यह संदेश दिया गया कि बिना टिकट यात्रा, अनियमित व्यवहार एवं गंदगी फैलाना दंडनीय अपराध हैं, और ऐसे मामलों पर सख्ती से कार्रवाई की जाती रहेगी।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव का दो दिवसीय समारोह संपन्न, भव्य शोभायात्रा रही आकर्षण का केंद्र



चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी।** बाड़ी कस्बे की परशुराम धर्मशाला में सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह भक्तिभाव और उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले ही नहीं, बल्कि प्रदेशभर से धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। आयोजन का शुभारंभ भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में पागल बाबाजी मुख्य अतिथि रहे, वहीं विशिष्ट अतिथियों में पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ नेता हरकिशन शर्मा, पूर्व प्रधान मीनाक्षी शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रशांत हुंडवाल, कांग्रेस सेवा दल जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित, अनुराग मुगल, लवकुश शर्मा, सुरेश कौशिक, गोपाल शर्मा, मुकेश हनुमानपुरा, रिंकू शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह में समिति अध्यक्ष मुकेश विधौलिया, संयोजक संदीप पुजारी, कोषाध्यक्ष सचिन दीक्षित, एडवोकेट रवि पचौरी एवं पुष्पेंद्र विधौलिया द्वारा कक्षा 10वीं, 12वीं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन सायं 4 बजे परशुराम धर्मशाला से ढोल-नगाड़ों, बैंडबाजों और भगवान परशुराम के जयघोषों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों–महाराज बाग चौराहा, सीताराम बाजार, सराफा बाजार, किला गेट–से होती हुई पुनः धर्मशाला पर संपन्न हुई। जगह-जगह समाजसेवियों व संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा, शीतल पेय व जलपान व्यवस्था से अतिथियों का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में दाऊ दयाल शर्मा, प्रमोद मुगल, शुभम भारद्वाज, रामदास तरुण, मलिक इमरान, धीरज चंसौरिया, विनोद शर्मा, डॉ. जितेंद्र गुलपारिया सहित सैकड़ों सनातन धर्म प्रेमी शामिल रहे। अंत में संयोजक संदीप शर्मा एवं कोषाध्यक्ष सचिन दीक्षित ने आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया।

## फलवृद्धिका शैक्षणिक विकास समिति फलोदी का वार्षिक साधारण सभा का आयोजन

चमकता राजस्थान

फलोदी/ अनिल पुष्करणा। फलवृद्धिका शैक्षणिक विकास समिति फलोदी की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन आज स्थानीय कामधेनु डिजिटल लाइब्रेरी फलोदी में किया गया।

समिति के सचिव सीए उमेश व्यास ने वार्षिक आय व्यव विवरण प्रस्तुत किया ओर संस्था के कार्यों की जानकारी सदस्यों को प्रदान की गईं। संस्था के अध्यक्ष बृज मोहन व्यास ने संस्था की भावी योजनाओं से सदस्यों को अवगत कराया। उपाध्यक्ष किशोर बोहरा और कोषाध्यक्ष जय प्रकाश पुरोहित



उर्फ लाल जी ने आगामी पुष्करणा प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव रखा ओर सभी सदस्यों की सहमति से 26 अक्टूबर रविवार को इसका आयोजन किया जाना निश्चित किया गया। संगठन मंत्री दिलीप कुमार व्यास में पिछले एक वर्ष का डिजिटल लाइब्रेरी संचालन सफल विद्यार्थियों का विवरण सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। विशम्बर थानवी और विनोद थानवी ने भी सदस्यता ओर संचालन हेतु सुझाव प्रस्तुत किए।

विनोद पुरोहित ने भावी योजनाओं के क्रियान्वयन का खाका प्रस्तुत

- **पुष्करणा प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन 26 अक्टूबर को**

किया। सीमित आजीवन सदस्य ब्रज मोहन बेनावत, राजेश कल्ला ने आगामी योजनाओं हेतु भामाशाहों के माध्यम से आर्थिक सहयोग का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर समिति सदस्य रमनलाल बोहरा, कन्हैयालाल छंगाणी, आदित्य व्यास, राज कुमार पुरोहित, ओमप्रकाश थानवी,राज कुमार पुरोहित, शांतिलाल (धल्ला) पुरोहित, प्रमोद थानवी, देवेंद्र थानवी आदि उपस्थित रहे।

# कल्याण ज्वेलर्स ने टोंक रोड, जयपुर पर भव्य फ्लैगशिप शोरूम का उद्घाटन किया

चमकता राजस्थान

जयपुर। भारत के सबसे भरोसेमंद और अग्रणी ज्वैलरी ब्रांड्स में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने आज जयपुर में टोंक रोड पर, रामबाग सर्किल के पास अपने नए फ्लैगशिप शोरूम का भव्य उद्घाटन किया। बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने रिबन काटकर इस शोरूम का उद्घाटन किया।

यह नया शोरूम कल्याण ज्वैलर्स के विभिन्न कलेक्शनों की शानदार रेंज के साथ, दुनियाभर की सुविधाओं से सुसज्जित है और यहाँ ग्राहकों को खरीदारी का एक शानदार और अत्याधुनिक अनुभव मिलेगा।

नए शोरूम पर टिप्पणी करते हुए कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने




कहा, ₹जयपुर में कल्याण ज्वैलर्स के एक और फ्लैगशिप शोरूम के लॉन्च के साथ, हमारा लक्ष्य एक ऐसा बेजोड़ इकोसिस्टम बनाना है जो हमारे ग्राहकों की अनूठी आवश्यकताओं को पूरा करे और उनके शॉपिंग अनुभव को और बेहतर बनाए। हम लगातार विकसित होने के लिए प्रतिबद्ध हैं और विश्व स्तरीय माहौल प्रदान करते हुए हम कंपनी के विश्वास और पारदर्शिता के मूल मूल्यों के प्रति सच्चे रहते हुए अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ खरीदारी की पेशकश जारी रखेंगे। कल्याण ज्वैलर्स में, हम उच्च गुणवत्ता और बेहतरीन सेवा के साथ शानदार और अनोखे ज्वैलरी डिजाइनों की विस्तृत रेंज पेश करते रहेंगे।

इस नए शोरूम के उद्घाटन के अवसर पर कल्याण ज्वैलर्स ने खास ऑफर की घोषणा की है झ ग्राहकों को हर 10 ग्राम सोने की खरीद पर 0.5 ग्राम सोना बिल्कुल मुफ्त मिलेगा। साथ ही, कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट झ जो बाजार में सबसे कम और

### नए शोरूम में विश्वस्तरीय माहौल में मिलेगा ग्राहकों को शॉपिंग का लक्ज़री अनुभव

सभी शोरूम्स में एक समान है - भी इन खरीदारियों पर लागू होगा। ये ऑफर सीमित समय के लिए मान्य हैं।

कल्याण ज्वैलर्स पर बेचे जाने वाले सभी आभूषण बीआईएस हॉलमार्क वाले होते हैं और कई शुद्धता परीक्षणों से गुजरते हैं। ग्राहकों को कल्याण ज्वैलर्स का 4-लेवल एश्योरेंस सर्टिफिकेट भी मिलेगा जो शुद्धता, आभूषणों के मुफ्त आजीवन रखरखाव, विस्तृत उत्पाद जानकारी और पारदर्शी विनिमय और बाय-बैक नीतियों की गारंटी देता है। यह सर्टिफिकेशन अपने हितैषी ग्राहकों को सर्वोत्तम पेशकश करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

जयपुर के इस नए शोरूम में कल्याण ज्वैलर्स के लोकप्रिय घरेलू ब्रांड भी उपलब्ध होंगे, जिनमें मुहूर्त (शादी के आभूषणों की श्रृंखला), मुद्रा (हस्तनिर्मित प्राचीन आभूषण), निमाह (मंदिर के आभूषण), ग्लो (डांसिंग डायमंड्स), जिया (सॉलिटेयर जैसे हीरे के आभूषण), अनोखी (बिना कटे हीरे), अपूर्वा (विशेष अवसरों के लिए हीरे), अंतरा (शादी के हीरे), हेरा (रोजाना पहने जाने वाले हीरे), रंग (कीमती पत्थरों के आभूषण) और हाल ही में लांच की गई लीला (रंगीन पत्थर और हीरे के आभूषण) शामिल हैं।

# जयपुर विकास प्राधिकरण की तीन आवासीय योजनाओं में भारी रूझान

## गंगा विहार, यमुना विहार एवं सरस्वती विहार तीनों योजनाओं में 76 हजार 462 आवेदन हुए प्राप्त

चमकता राजस्थान



**जयपुर, (खलील कुरैशी)।** जविप्रा की आवासीय योजनाओ गंगा विहार, सरस्वती विहार एवं यमुना विहार मे आनलाईन आवेदन 16 जून, 2025 तक आमंत्रित किये गये हैं। तीनों योजनाओं में 76 हजार 462 आवेदन प्राप्त हुए है, जो कि आमजन के बीच जेडीए पर विश्वास और इन योजनाओं की लोकप्रियता को दर्शाता है जयपुर विकास प्राधिकरण की तीन नवीन आवासीय योजनाओं में 12 जून, 2025 आवेदन करने की अंतिम तिथि थी। जिसे आमजन के हित को दृष्टिगत रखते हुए 16 जून, 2025 तक बढाई गई थी। भूखण्डों का आवंटन लॉटरी प्रणाली से किया जाएगा, जो कि 02 जुलाई, 2025 को निकाली जायेगी जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि ने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के अपने घर के सपने को साकार करना है। मुख्यमंत्री एवं नगरीय विकास मंत्री के निर्देशन में जयपुर की प्रमुख लोकेशनों में योजनाओं का विकास किया जाता रहा है। इसी क्रम में गत माह भी नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा तीन नवीन आवासीय योजनाओं का शुभारम्भ किया गया था।उन्होंने बताया कि जेडीए निरंतर विभिन्न नवीन योजनाएं लेकर आ रहा है, जिसमें आमजन द्वारा भारी संख्या में रूझान दिखाया जा रहा है। जेडीए की योजनाओं को लेकर आमजन में विश्वास है कि इन योजनाओं में किसी तरह की धोखाधडी एवं स्केम होने की संभावना शून्य है। यह योजनाएं गरीब एवं मध्यम वर्ग के आवास का सपना साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। जेडीए द्वारा कुल 756 भूखण्डों के आनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गये है। जिनका आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। आनन्दी ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा सभी योजनाएं में पूरी पारदर्शिता के साथ आवेदन लिए जा रहे है एवं लॉटरी निकाली जा रही हैं तथा आवंटन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष व स्केम-रहित रहती है। जेडीए द्वारा आगे भी आमजन के लिए किफायती एवं भरोसेमंद आवासीय विकल्प उपलब्ध कराने हेतु योजनाएं लाने का क्रम निरंतर जारी रहेगा।उन्होंने बताया कि जेडीए की आवासीय योजनाओं में आमजन का भारी रूझान देखने को मिल रहा है। जिसके क्रम में सरस्वती विहार योजना में 36281 आवेदन, यमुना विहार योजना में 17794 आवेदन एवं गंगा विहार योजना में 22387 आवेदन प्राप्त हुए है।

### यमुना विहार आवासीय योजना-

यमुना विहार आवासीय योजना जोन-14 के ग्राम काठावाला तहसील-चाकसू के खसरा 23,25,26,37,38, 74,122,126 व 127 एवं ग्राम झुझारपुरा तहसील-चाकसू के खसरा 13,29,30,30/186, 31,68,70,87,88 एवं 89 पर जयपुर से चाकसू जाने वाली 90 मीटर टोंक रोड पर स्थित है। योजना में कुल 232 भूखण्ड है। उक्त योजना में 45 वर्गमीटर से 220 वर्गमीटर तक के भूखण्ड उपलब्ध है। 45 व.मी. तक के भूखण्डों की संख्या 43, 45 व.मी. से अधिक 75 व.मी. तक के भूखण्डों की संख्या 66, 75 व.मी. से अधिक 120 वर्ग मीटर तक के भूखण्डो की संख्या 74, 120 व.मी. से अधिक 220 वर्ग मीटर तक के भूखण्डों की संख्या 11 एवं 220 वर्ग मीटर से अधिक के भूखण्डो की संख्या 38 है। योजना की आरक्षित दर रुपये 15,500/- प्रति व.मी. है।

### ● गंगा विहार आवासीय योजना-

जेडीए द्वारा गंगा विहार आवासीय योजना जोन-13 के ग्राम बस्सी के खसरा नं. 1629, 1930 व 1931 पर जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग से 2.50 किलोमीटर की दूरी पर कृषि अनाज मण्डी बस्सी के पीछे, बस्सी रेलवे स्टेशन के समीपस्थ स्थित है एवं योजना में 30.00 मीटर चौडी सडक से पहुँच मार्ग उपलब्ध होता है। योजना में कुल 233 भूखण्ड है। उक्त योजना में 45 वर्गमीटर से 120 वर्गमीटर तक के भूखण्ड उपलब्ध है। 45 व.मी. तक के भूखण्डों की संख्या 131, 45 व.मी. से अधिक 75 व.मी. तक के भूखण्डों की संख्या 36 एवं 75 व.मी. से अधिक 120 वर्ग मीटर तक के भूखण्डो की संख्या 66 है। योजना की आरक्षित दर रुपये 14,000/- प्रति व.मी. है।

### ● सरस्वती विहार आवासीय योजना

जेडीए द्वारा सरस्वती विहार आवासीय योजना जोन-12 के ग्राम बेनाडमय दौलतपुरा, तहसील-रामपुरा डाबडी के खसरा नं. 389,389/1,388/966, 392/793 एवं 393 पर बैनाड रेल्वे स्टेशन से लगभग 3.4 किलोमीटर दूरी पर एवं दौलतपुरा अण्डरपास के समीप सीकर रोड से लगभग 6.1 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। योजना में कुल 300 भूखण्ड है। उक्त योजना में 45 वर्गमीटर से 220 वर्गमीटर तक के भूखण्ड उपलब्ध है। 45 व.मी. तक के भूखण्डों की संख्या 83, 45 व.मी. से अधिक 75 व.मी. तक के भूखण्डों की संख्या 73, 75 व.मी. से अधिक 120 वर्ग मीटर तक के भूखण्डो की संख्या 66, 120 व.मी. से अधिक 220 वर्ग मीटर तक के भूखण्डों की संख्या 48 एवं 220 वर्ग मीटर से अधिक के भूखण्डो की संख्या 30 है। योजना की आरक्षित दर रुपये 11,000/- प्रति व.मी. है। जविप्रा की तीनों आवासीय योजनाओं - गंगा विहार, यमुना विहार एवं सरस्वती विहार की लॉटरी दिनांक 02.07.2025 को निकाली जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अलवर पुलिस ने सुलझाई हत्या की गुत्थी, 3 आरोपी गिरफ्तार

- **2 लाख की सुपारी देकर पत्नी ने प्रेमी संग मिल कर कराई थी पति की हत्या**
- **पहले पति व बच्चों को छोड़ कर मृतक के साथ बतौर पत्नी रह रही थी**




**चमकता राजस्थान/जयपुर! (खलील कुरैशी) 16 जून।** अलवर जिले की थाना खेरली पुलिस ने सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला 7 जून 2025 की रात का है, जब एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।एसपी संजीव नैन ने बताया कि 8 जून को मृतक वीरू जाटव के भाई ने थाना खेरली में शिकायत दर्ज कराई कि उसका भाई अपने पुराने मकान से 7 जून की रात करीब 10 बजे अपनी पत्नी के साथ स्वस्थ हालत में अपने दूसरे घर गया था। अगली सुबह 8 जून को 4:20 बजे उसकी पत्नी ने फोन कर बताया कि पति वीरू की तबीयत खराब हो गई है।जब हम उसे खेरली के सरकारी अस्पताल ले गये, तो उसके मुंह, नाक और गर्दन पर चोट के निशान थे तथा मुंह और नाक से खून निकल रहा था और दांत भी टूटे हुए थे। डॉक्टरों ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने आशंका जताई कि उसके साथ मारपीट कर हत्या की गई है।एसपी नैन ने बताया कि ब्लाइंड मर्डर के खुलासे के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. प्रियंका और वृत्ताधिकारी कठूमर कैलाश चंद के कुशल पर्यवेक्षण में गठित टीम ने करीब 150 सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर इस जघन्य अपराध का पर्दाफाश किया।

2 लाख की सुपारी देकर ऐसे रची गई साजिश

पुलिस की गहन जांच में सामने आया कि मृतक की पत्नी के पिछले चार साल से काशीराम उर्फ काशी नाम के व्यक्ति से अवैध संबंध थे। पत्नी और प्रेमी एक साथ रहना चाहते थे, जिसके चलते उन्होंने मृतक को रास्ते से हटाने की खौफनाक योजना बनाई। इस योजना को अंजाम देने के लिए उन्होंने 02 लाख रुपये की सुपारी देकर 04 अन्य साथियों को भी शामिल किया।7 जून की रात को काशीराम उर्फ काशी और उसके चार साथियों ने साथ बैठकर शराब पी और मृतक की पत्नी को पूरी साजिश से अवगत कराया। योजना के अनुसार पत्नी उसके प्रेमी और उनके 04 साथियों ने मिलकर मृतक का गला दबाकर हत्या कर दी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मृतक की पत्नी, काशीराम प्रजापत उर्फ काशी पुत्र फूल सिंह (35) निवासी वार्ड नंबर 20 और बृजेश जाटव पुत्र फूल सिंह (25) निवासी कालवाड़ी थाना खेरली शामिल हैं। इस मामले में बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपिया मृतक की दूसरी पत्नी थ, वह अपने पूर्व पति व बच्चों को छोड़कर मृतक के साथ बतौर पत्नी रह रही थी। अब वह प्रेमी के साथ रहना चाहती थी। इसके चलते अपने प्रेमी व अन्य साथियों के साथ मिलकर इतने व्यवस्थित तरीके से साजिश रची कि मृतक की मौत प्राकृतिक मृत्यु लगे।इस मामले को सुलझाने में एसएचओ धीरेन्द्र सिंह, एएसआई रमेश चंद, कांस्टेबल राजवीर, भगत सिंह, प्रधान सिंह, सुरेश चन्द, देवेंद्र सिंह शामिल रहे। मुख्य भूमिका कांस्टेबल राजवीर व भगत सिंह की रही।

# कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के बोए कांटे बिछ रहे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कुर्सी पर ?

चमकता राजस्थान

**जयपुर (अभय सिंह चौहान)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गिर्राज जी के परम भक्त हैं मुख्यमंत्री बनने से पहले और उसके बाद भी लगातार गिर्राज की नंगे पाँव परिक्रमा करते रहे हैं, राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि परिक्रमा करते समय उनके पैरों में इतने कांटे नहीं चुभे होंगे जितने काँटे कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के बोये हुए काँटे चुभ रहे हैं यहाँ तक कि उनकी कुर्सी पर कांटे बिछाने का कार्य भी विपक्षी दल कांग्रेस न कर किरोड़ी लाल मीणा कर रहे हैं किरोड़ी लाल मीणा राजस्थान में समानांतर सरकार चलाने का प्रयास कर रहे हैं जो भी सरकार से नाराज़ हैं वो विपक्षी दल कांग्रेस के पास न जाकर सत्तारूढ़ पार्टी के मंत्री के पास जाकर अपनी व्यथा सुना रहा है और मंत्री जी भी बिना सोचे समझे या यह कहें कि अपने आप को सर्वोच्च जताने की होड़ में आंदोलन कारियों और पीड़ितों को हवा देने का कार्य कर रहे हैं , मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में केंद्र से भी उन्हें कई बार समझाइश की जा चुकी है प्रदेश संगठन अभी तो उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी कर चुका है लेकिन प्रदेश भाजपा संगठन और मुख्यमंत्री स्वयं भी अभी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि ये सब वे किसके इशारे पर कर रहे हैं मंत्री बनने के डेढ़ साल बाद भी वे अपने ही विभाग में हो रहे घोटालों को उजागर करने के प्रयास में लगे हुए हैं जबकि घोटालों को रोकने का काम स्वयं मंत्री का होता है तो अब तक डेढ़ सालों से वे क्या कर रहे थे और उन्होंने खुले में इन घोटालों को होने कैसे होने दिया ?

मात्र कुछ अधिकारी कर्मचारियों के निलंबन से ही है क्या विभाग में हो रहे घोटालों पर रोक लगायी जा सकती है जानकारों का तो यहाँ तक कहना है कि उन्ही खाद बीज की फैक्टरियों पर छापे मारे गए जिनकी सरकारी टेंडरों में सप्लाई न के बराबर थी, बाक़ी मगरमच्छों को घोटाला करने के लिए खुला छोड़ दिया गया या यह कहें कि उनसे तालमेल बैठा लिया गया ,आरएएस मेन्स की परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाएं जाने के मुद्दे पर भी उन्होंने लगातार सरकार को घेरे रखा लेकिन मुख्यमंत्री का निश्चित समय पर परीक्षा कराना का दृढ़ निश्चय उनकी राह में रोड़ा नहीं बन सका इसीलिए किसी ने कहा है कि ''मुद्दई लाख बुरा चाहे तो क्या होता है, वही होता है जो मंजूरे खुदा होता है'' यदि कोई किसी की राह में कांटे बोयेगा तो हाथ तो उसके भी ज़ख़्मी हो होंगे।

# ओंकार सिंह लखावत की धर्मपत्नी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव

- **राज्यमंत्री ओंकार सिंह लखावत के प्रति जताया गहरा पारिवारिक लगाव, पुराने संस्मरण भी किए साझा**

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री ओंकार सिंह लखावत के निवास स्थान पर पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने लखावत परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दुख की इस घड़ी में ईश्वर से शक्ति व संबल प्रदान करने की कामना की।भूपेंद्र यादव ने कहा कि उनके अजमेर अध्ययनकाल के दौरान लखावत के निवास पर कई बार आने का अवसर मिला, जिससे उनके बीच एक आत्मीय पारिवारिक संबंध बना। उन्होंने पुराने समय की यादों को साझा करते हुए लखावत के स्नेह व मार्गदर्शन को भी स्मरण किया।उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की और परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि यह क्षति अत्यंत पीड़ादायक है, किंतु ईश्वर की इच्छा के आगे हम सभी को धैर्य रखना चाहिए।इस शोकाकुल क्षण में केंद्रीय मंत्री की उपस्थिति ने न सिर्फ मानवीय मूल्यों की एक मिसाल पेश की, बल्कि यह भी दर्शाया कि राजनीतिक जीवन में भी भावनात्मक जुड़ाव और आत्मीय संबंध कितने महत्वपूर्ण होते हैं।इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान भी मौजूद रहे।

# जेडीए प्रशासन द्वारा जयपुर शहर को हरा-भरा बनाने के लिए 2 लाख 45 हजार पौधे लगायेगा

- **जेडीए रियायती दरों पर बांटेगा चालीस हजार छायादार एवं फलदार पौंधे : जेडीए आयुक्त आनन्दी**



**चमकता राजस्थान/जयपुर! (खलील कुरैशी) 16 जून।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर शहर को जन सहयोग से हरा-भरा बनाने के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 लाख 45 हजार पौधें लगाये जायेंगे। जयपुर विकास आयुक्त आन्नदी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मानसून के दौरान राजधानी में 2 लाख 45 हजार पौधे लगाए जाएंगे, जो पिछले मानसून में लगाए पौधों की संख्या से तीन गुना अधिक है। जेडीए द्वारा 40 हजार पौधे आमजन को रियायती दर वितरित किए जाएंगे। रियायती दर पर प्रत्येक व्यक्ति को आई.डी. पर अधिकतम 5 पौधे फलदार, फूलदार एवं छायादार प्रजाति के उपलब्ध करवाये जायेंग। प्रति पौधा रूपये 50 की दर से आमजन को वितरित किए जाएंगे। जेडीए की ओर से लगाए जाने वाले और आमजन को वितरित किये जाने वाले पौधे 10 फीट ऊंचाई के होंगे। जो कि आमजन को शहर में 10 केंद्रों पर वितरित किए जाएंगे।जेडीए द्वारा मानसून में पौधारोपण पर खर्च की जाने वाली राशि की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है  पिछले मानसून में जेडीए की ओर से 70 हजार पौधे लगवाए गए थे इस बार 60 हजार पौधे विभिन्न स्थानों पर जेडीए की ओर से लगाए जाएंगे। यह पौधे सरकारी, कार्यालयों, विद्यालयों, अस्पतालों, कॉलोनियों महाविद्यालय,विश्वविद्यालय आदि स्थानों पर जेडीए की ओर से लगाए जाएंगे जिन स्थानों के लिए संबंधित संस्था या विकास समिति के आवेदन आएंगे वहां जेडीए के ठेकेदार की ओर से पौधों का रोपण किया जाएगा पौधे लगाने के बाद उसकी सार-सभांल का काम संबंधित विकास समिति या संस्था करेगी। सेंट्रल पार्क सहित विभिन्न पार्कों में पौधे लगाए जाएंगे। जेडीए द्वारा कालवाड़ रोड स्थित गजाधरपुरा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में 1 लाख पौधे लगेंगे। यह 1 लाख पौधें मियांवाकी तकनीक से लगाए जाएंगे।जेडीए गोल्फ क्लब की पार्किंग रॉयल सिटी, निवारू रोड, नारायण विहार, 200 फीट एचटी लाइन के नीचे ग्रीन बेल्ट, आमेर कुंडा से ताज होटल, भारत माता सर्किल से नारायण विहार 200 फीट रोड, महल रोड, प्रभु दयाल मार्ग, सांगानेर फ्लाई ओवर से होटल रनवे तक महिमा पनाश रोड एयरपोर्ट रोड से महाराणा प्रताप सर्किल तक 18000 पौधें लगाए जाएंगें।

### ● द्रव्यवती नदी के सहारे 27 हजार पौंधे लगाये जायेंगे

जेडीसी ने बताया कि जेडीए द्वारा हर वर्ष लाखों की संख्या में पौधें लगाए जाते हैं। आमजन एवं संस्थाओं से निवेदन है कि इन पौधो की देखभाल नियमित रूप से करें। जब ही इन पौधों को लगाने का उद्देश्य सफल हो पाएगा।

## योग दिवस का पूर्वाभ्यास कराए जाने वाली राजस्थान विधान सभा देश में अग्रणी

# राजस्थान विधान सभा में हुए सामूहिक योग में मंत्रीमण्डल सदस्य सहित विधायकगण ने लिया भाग

चमकता राजस्थान





### योग को बनायें जीवन का अंग- देवनानी

जयपुर!(खलील कुरैशी) 16 जून। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर राजस्थान विधान सभा में विश्व योग दिवस के लिए सामूहिक योग के लिए पूर्वाभ्यास किया गया। प्रधानमंत्री  नरेंद्र मोदी के आव्हान पर योग दिवस के लिए पूर्वाभ्यास कराये जाने के लिए राजस्थान विधानसभा ने देश में अग्रणी प्रयास किया।सोमवार को राजस्थान विधान सभा में विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, विधायकगण, विधानसभा के अधिकारियों में कर्मचारियों ने सामूहिक योग किया। देवनानी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि योग को जीवन का अंग बनाये। उन्होंने कहा कि योग को दिनचर्या में जोड़ने से मन, मस्तिष्क, और शरीर स्वस्थ और ऊर्जावान रहता है। शरीर को स्वस्थ रखना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। देवनानी ने कहा कि मन, बुद्धि और आत्मा के साथ योग के सहयोग से जीवन रचना को आगे बढ़ाने का आव्हान किया। देवनानी ने कहा कि सूक्ष्म व्यायाम प्रतिदिन अवशय करें। इससे मन एकाग्र होगा और शरीर को नई ऊर्जा मिलेगी। देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग को दुनिया ने अपनाया है देवनानी ने कहा कि इस वर्ष एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग भारत के लोगों द्वारा शुरू किया जाने वाला शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है, जिसे अब दुनियाभर में मनाया जा रहा है। योग केवल व्यायाम ही नहीं बल्कि यह स्वयं, दुनिया और प्रकृति के साथ एकता की भावना को खोजने का एक तरीका भी है। देवनानी ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस एक ऐसा उत्सव है जो प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी को महत्व देता है। इसका लक्षय योग को एक व्यापक आन्दोलन में बदलना है जो वैश्विक स्वास्थ्य और शान्ति को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि सभी मिल-जुलकर स्वस्थ भारत की रचना करें। शरीर, मन और मस्तिष्क स्वस्थ रहेंगे तब ही राष्ट्र की उन्नति होगी। राष्ट्र को स्वस्थ बनाने के लिए योग, यज्ञ और संतुलित आहार को आचरण में लाना होगा। भारत विश्व गुरु है। भारत की परम्पराएं समृद्ध है। सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दृष्टि से यह राष्ट्र समृद्ध है। निरोगी राष्ट्र बनाने के लिए योग को जीवन का अंग बनाना होगा। योग स्वास्थ्य के लिए आवशयक है। इस मशीनी युग में बदलती जीवन शैली के लिए योग की आवशयकता बढती जा रही है।प्रारम्भ में देवनानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर, हरिमोहन शर्मा, चन्द्रभान सिंह आक्या, विश्वनाथ मेघवाल, जयदीप बिहानी सहित अनेक विधायकगण मौजूद रहे। क्रीड़ा भारती के महक सिंह ने भी समारोह को संबोधित किया। क्रीड़ा भारती और इंडियन योगा ऐसोसिएशन के तत्वाधान में राजस्थान विधानसभा में सामूहिक योग का आयोजन किया गया।

## न्यूज़ कॉर्नर

### मोतिहारी के होटल में शराब पार्टी करते 16 गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण:** बिहार में कहने को तो शराबबंदी है,लेकिन यहां आये दिन शराब की बड़ी-बड़ी खेप पकड़ी जा रही है, और जगह जगह शराब की पार्टियां भी खूब हो रही है. ऐसा ही मामला मोतिहारी से सामने आया है,जहां छतौनी थाना क्षेत्र स्थित नवनिर्मित दर्शन होटल में पुलिस ने रविवार की देर रात शराब पार्टी करते 16 लोगों को हिरासत में लिया है. बताया गया कि होटल के बेंक्वेट हॉल में बाहर से ताला बंद कर अंदर शराब पार्टी किया जा रहा था. पकड़े गये लोगो में ज्यादातर युवा है,जो शराब के फुल नशे में थे.पुलिस ने मौके से विदेशी शराब व बीयर की कई भरी और खाली बोतलें भी बरामद किया हैं. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पुलिस ने होटल मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है,साथ ही होटल के मालिक रामदर्शन सिंह पर 10 हजार रूपये इनाम की घोषणा करते हुए उसकी संपत्ति की जांच का आदेश दिया है. एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि पकड़े 16 लोगो में तीन घोड़ासहन के रहने वाले है,जिसमे एक गौतम नाम का बड़ा शराब कारोबारी भी शामिल है, सभी का अपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है, जिसके बाद और खुलासे भी हो सकते है. मामले की सूचना फैलते ही मोतिहारी के कई होटल मालिक और मीट की दूकान चलाने वालो में हड़कंप व्याप्त है. पुलिस की इस मामले में अग्रतर कारवाई जारी है.

### इंटर की छात्रा ने की आत्महत्या, छानबीन में जुटी पुलिस

**भागलपुर:** जिले में बबरगंज थाना क्षेत्र के अंबाबाग मोहल्ले में इंटरमीडिएट की छात्रा 20 वर्षीय सोनी कुमारी ने फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है. परिजन के अनुसार घटना उस वक्त घटी जब घर के सोनी की मम्मी सब्जी बेचने बाहर गई थी, सोनी अपने कमरे में अकेली थी. घटना का खुलासा तब हुआ जब सोनी की भाभी किसी काम से उसके कमरे में गई. लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था. काफी प्रयास के बाद जब दरवाजा खोला गया तो देखा कि सोनी पंखे से लटकी हुई थी. परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय बबरगंज थाना को जानकारी दी गई. फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है. घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है. आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है.

### आकाशीय बिजली गिरने से युवती की मौत, महिला झुलसी

**बस्ती:** जनपद के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मंझरिया में सोमवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक युवती की जान चली गई, जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से झुलस गई. हादसा उस समय हुआ जब बारिश के दौरान ईंट भट्ठे पर कार्यरत श्रमिक अपने टिन शेड वाले अस्थायी आवास में ठहरे हुए थे. जानकारी के अनुसार दिग्विजय के ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर सुबह करीब 9 बजे बारिश के चलते अपने टिन शेड में मौजूद थे. तभी अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से सीमा पुत्री रामपाल उम्र लगभग 18 वर्ष निवासी ग्राम हरीराम पुर भैंसहा थाना हरिगांव जनपद सीतापुर की मौके पर ही मौत हो गई. इस हादसे में एक अन्य महिला ऊषा रानी पत्नी रमेश निवासी बेहरवा थाना लहरपुर जिला सीतापुर झुलस गईं. तत्काल सूचना पाकर थानाध्यक्ष नगर देवेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. झुलसी हुई महिला को 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय बस्ती भेजवाया गया, जहां उसका इलाज जारी है. मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका सीमा के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. अधिकारियों ने बताया कि घटना से संबंधित सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है. गांव में घटना के बाद शोक की लहर व्याप्त है.

### हत्या के मामले में चार दोषियों को 10-10 साल की सजा

**जौनपुर:** साल पुराने एक हत्या के मामले में सोमवार को अदालत ने अहम फैसला सुनाया है. अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय रूपाली सक्सेना ने चार दोषियों को 10-10 साल की सजा सुनाई है. साथ ही प्रत्येक पर 12,200 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है. मामला मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के डिहई का पूरा लौह गांव का है. 12 अक्टूबर 2006 को सुबह 10:30 बजे जमीनी विवाद को लेकर प्रेम शंकर, रामाशंकर, जितेंद्र और राम अकबाल ने जटाशंकर पांडेय पर हमला कर दिया. गंभीर रूप से घायल जटाशंकर को इलाहाबाद के स्वरूप रानी अस्पताल ले जाया गया. वहां दोपहर 2:30 बजे उनकी मृत्यु हो गई. मृतक के बेटे कृष्णा पांडेय की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया. जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया. सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आशीष कुमार सिंह ने अदालत में गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्य पेश किए. इन सबके आधार पर अदालत ने चारोंको गैर इरादतन हत्या का दोषी पाया और 10-10 साल की सजा सुनाई है. साथ ही प्रत्येक पर 12,200 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है.

### एक करोड़ रुपये की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गाजियाबाद:** थाना इंदिरापुरम पुलिस ने सोमवार को एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है उसके कब्जे से करीब एक करोड रुपए की स्मैक, एक इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन, 10,200 रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त एक कार बरामद की गई है. पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है. एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि थाना इन्दिरापुरम पुलिस ने चेकिंग के दौरान स्मैक की बिक्री करने वाले तस्कर सचिन को गिरफ्तार किया है. वह निवासी सुंदर नगरी ,नन्द नगरी दिल्ली का रहने वाला है. गिरफ्तार आरोपी सचिन से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आये कि बरामद 685 ग्राम स्मैक को दिल्ली से सस्ते दामों में खरीदकर लाता है और इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन के द्वारा स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर अधिक मूल्य में नशे करने वाले व्यक्तियों को बेच देता है . इस प्रकार अभियुक्त अधिक मुनाफा अर्जित करता है. गिरफ्तार अभियुक्त सचिन के विरुद्ध थाना नन्द नगरी दिल्ली में आयुध अधिनियम का एक अभियोग पंजीकृत है .

### गाजियाबाद में कोल्ड स्टोरेज के मुनीम से दिनदहाड़े आठ लाख की लूट

**गाजियाबाद:** कविनगर थाना इलाके में तीन बदमाशों ने एक कोल्ड स्टोरेज के मुनीम से दिनदहाड़े आठ लाख 15 हजार रुपये से भरा बैग लूट लिया और फरार हो गए. पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है. एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि सोमवार को थाना क्षेत्र कविनगर में एक लूट की सूचना प्राप्त हुई है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच करने पर पता चला कि अजंता कोल्ड स्टोरेज लाल कुआं के मुनीम अमित कुमार आठ लाख 15 हजार रुपये ले जा रहे थे. नेहरु नगर अंडरपास पहुंचने पर एक बाइक सवार पर सवार तीन लड़कों ने मुनीम की आंख में मिर्ची झोंक कर उसका बैग छीन लिया और फरार हो गये. पुलिस ने तहरीर लेकर केस पंजीकृत कर लिया है. उच्च अधिकारियों ने भी मौके का निरीक्षण किया है. पुलिस ने बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया है.

### युवक को ट्रक ने रौंदा, मौत

**सोनभद्र:** राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर सड़क पार कर रहा युवक तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. राबर्ट्सगंज कोतवाल ने सोमवार को बताया कि सुकृत निवासी नीरज प्रजापति (31) पुत्र विश्राम प्रजापति बीती रात लगभग साढे आठ बजे सड़क पार कर सामान लेने के लिए जा रहा था. जैसे ही वह सड़क पार करने लगा, तभी राबर्ट्सगंज से वाराणसी की तरफ जा रहे ट्रक ने उसे रौंद दिया. गंभीर रूप से घायल युवक को आसपास के लोगों ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया. जिला अस्पताल में डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत देख वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया. परिजन उसे लेकर वाराणसी जा रहे थे तभी रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है. वहीं ट्रक को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है.

### पुलिस ने गुम हुए 22 लाख रुपये कीमत के सौ मोबाइल बरामद कर स्वामियों को लौटाए

**कानपुर:** सेंट्रल जोन की सर्विलांस टीम ने तीन महीनों की कड़ी मशक्कत के बाद सोमवार को करीब बाइस लाख रुपये कीमत के खोए (गुम) हुए मोबाइलों को उनके धारकों के सुपुर्द किये हैं. जिन्हें पाकर उनके असली मालिकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा. नगर निगम मुख्यालय स्थित प्रमिला सभागार में पुलिस उपायुक्त मध्य श्रवण कुमार सिंह के नेतृत्व में पिछले तीन महीनों में गुम हुए, चोरी हुए और या गिरे हुए 100 मोबाइलों को एकत्रित कर उनके असली मालिकों को सौंपे गए हैं. डीसीपी सेंट्रल एसके सिंह ने बताया कि अक्सर भीड़भाड़ वाले इलाकों में मोबाइल चोरी होने, गिर जाने जैसी घटनाओं की रिपोर्ट के आधार पर सर्विलांस टीम ने काल रिकॉर्ड्स, सीसीटीवी फुटेज और लोकेशन ट्रैकिंग जैसे आधुनिक तकनीकी साधनों के माध्यम से पुलिस टीम ने इन मोबाइलों का पता लगाकर धारकों को वापस लौटाए हैं. मोबाइल पाने वाले लोगों ने बताया कि उनका मोबाइल गुम हुए काफी समय बीत चुका था इसलिए उन्हें बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी कि उनका मोबाइल वापस भी मिलेगा, लेकिन पुलिस की सक्रियता के चलते उनके मोबाइल मिलने से उन्हें काफी खुशी है.

# बिहार में वज्रपात से 7 लोगों की मौत



**पटना :** बिहार में वज्रपात ने एक बार फिर से कहर बरपाया है. 24 घंटे में राज्य के दो जिलों में ठनका की चपेट में 7 लोगों की मौत हो गई है. कुछ लोग जख्मी भी हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है. सोमवार को बक्सर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र चौसा और राजपुर थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से चार की मौत हो गई है. जबकि पांच गम्भीर रूप से घायल हैं. इस हृदय विदारक घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया है. स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को बक्सर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. मिली जानकारी के अनुसार, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौसा में गंगा नदी के तट पर लगभग आधे दर्जन लोग बैठे हुए थे. तभी तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी. जिसकी चपेट में एक मवेशी समेत कुल 6 लोग आ गए. जिसमें से दो की मौत घटना स्थल पर ही हो गई, जबकि एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. मृतकों में मिथलेश राम (22 वर्ष), श्रीभगवान उर्फ झोला सिंह (60 वर्ष) नरबतपुर, वीरेंद्र गोंड (45 वर्ष) शामिल हैं. जबकि घायलों में नीरज कुमार (16 वर्ष), अमित चौधरी (30 वर्ष) और सोनू कुमार (18 वर्ष) शामिल हैं. मृतक वीरेंद्र गोंड और श्री भगवान सिंह गंगा नदी के किनारे अपने मवेशियों को चराने गए हुए थे. तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए, सभी मृतक एवं घायल मजदूर परिवार से आते हैं. वहीं ठनका की चपेट में आने से राजपुर थाना क्षेत्र में भी एक ग्यारह वर्षीय बालक की मौत हो गई है. जबकि एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है. मृतक का नाम अंकुश कुमार (पिता प्रेम जीवन राम) गांव देवढीया है, जबकि घायल का नाम अनंत राम है. जिसका इलाज चल रहा है. इसकी पुष्टि राजपुर थाने की पुलिस ने की है. वहीं बगहा में भी सोमवार को ठनका गिरने से दो युवकों की मौत हो गई है. तीन लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है. घटना के बाद मेघवल मठिया गांव में कोहराम मच गया है. पीड़ित परिवारों का रो रोकर बुरा हाल है. तरअसल, तपती चिलचिलाती गर्मी के बाद बारिश बगहा में कहर बनकर बरसी. रामनगर के मेघवल मठिया गांव में दोपहर में बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए हैं. मृतकों में शहाबुद्दीन अंसारी और अफसर अंसारी शामिल हैं. जबकि शमीम अंसारी, अजीम मियां व अन्य बच्चे जख्मी हो गए हैं. जख्मी युवकों ने बताया कि बारिश के कारण हमलोग 5 से 6 युवक बगीचा में छुप गए. तभी अचानक तेज बिजली कड़की और नजदीक के पेड़ पर गिर गई. इस घटना में दो लोगों की मौके पर हीं मौत हो गई जबकि तीन अन्य बच्चे झुलस गए. जिसके बाद हमारे परिवार वाले लेकर हमें अस्पताल पहुंचे. रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार ने इस घटना में मरने वालों की पुष्टि की है. इधर रामनगर अंचल प्रशासन कागजी प्रक्रिया पूरी करने और शवों के पोस्टमार्टम होने के बाद आपदा राहत कोष से मृतकों के आश्रितों को मुआवजा दिलाने की कवायद में जुटा है. बता दें कि रविवार दोपहर भी चौसा प्रखंड अंतर्गत सोनपा पंचायत के पश्चिम डेरा गांव में एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई थी. स्थानीय किसान रामशंकर यादव के 16 वर्षीय इकलौते पुत्र आकाश कुमार की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मृत्यु हो गई थी. घटना के बाद गांव में मातम का छा गया.

## मुख्यमंत्री ने मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना एलिवेटेड/एटग्रेड सड़क का किया लोकार्पण



**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना जिला के भूपतिपुर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना अंतर्गत 1105 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित भूपतिपुर से पुनपुन (एनएच-22) तक एलिवेटेड/एटग्रेड पथांश का लोकार्पण किया. निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पथ के निर्माण से गयाजी, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद और राजगीर जाने में लोगों को सुविधा होगी. साथ ही दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में आना-जाना भी अब बेहद आसान हो जाएगा. मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि पटना को जाम मुक्त बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में यह एलिवेटेड सड़क काफी उपयोगी होगी. इस एलिवेटेड सड़क के शुरू होने से राजधानी के दक्षिणी इलाकों में रहनेवाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत होगी एवं आवागमन में समय की बचत होगी. मुख्यमंत्री लौटने के क्रम में सिपारा के पास रुके. इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड का निर्माण सिपारा पुल के ऊपर से होगा और मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर पर आकर मिलेगा. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस बचे हुये कार्य को दो माह में पूर्ण करें.सिपारा से महुली एलिवेटेड पथ पर जाने के लिए भूपतिपुर के पास बने रैंप से होकर लोग अब सफर कर सकेंगे और सिपारा से महुली की दूरी महज 5 से 6 मिनट में पूरी हो जाएगी. लोकार्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित एलिवेटेड/एटग्रेड पथांश का भूपतिपुर से पुनपुन तक निरीक्षण किया. मुख्यमंत्री पुनपुन में रुके और वहां उपस्थित लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा.

## महोबा में भीषण सड़क हादसा ; इको कार और बाइक की टक्कर, पांच लोगों की मौत, तीन अन्य घायल



**महोबा:** महोबा जिले के श्रीनगर थाना अंतर्गत ननौरा गांव के पास सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई. वहीं तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे में तीन चचेरे भाइयों की मौत हो गयी. अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने कहा कि प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण इको कार का टायर फटना बताया जा रहा है. चरखारी तहसील के बगरोन गांव निवासी कुश कुमार अपनी पत्नी कंचन सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ इको कार से ननवारा गांव बहू की विदाई कराने जा रहे थे. कार में कुल छह लोग सवार थे. रास्ते में जैसे ही वाहन श्रीनगर थाना क्षेत्र के ननौरा गांव के समीप एक तीव्र मोड़ पर पहुंचा, तभी अचानक कार का टायर फट गया. इससे कार अनियंत्रित हो गयी. कार सामने से आ रही बाइक टकरा गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार और बाइक दोनों सड़क किनारे खाई में जा गिरीं. मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई. लोगों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया. हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे. घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भिजवाया गया. डॉक्टरों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है. मृतकों की शिनाख्त कुश कुमार की पत्नी कंचन, 35 वर्षीय भरतलाल, 18 वर्षीय अजय पुत्र संजीव निवासी मुढ़ारी कुलपहाड़, 27 वर्षीय विनोद और महोबा निवासी रामपाल के रूप में हुई. घायलों में चरखारी बगरोन निवासी खुशी, उदयभान और अंकित के नाम शामिल हैं. उनका जिनका इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है. अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि हादसे में बाइक सवार दो लोगों और कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गयी. प्रथम दृष्टया हादसे की वजह टायर फटना प्रतीत हो रही है. पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मामले की जांच शुरू कर दी गई है. ग्रामीणों के अनुसार, मृतक युवक किसी पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे. हादसे के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है.

## शोले फिल्म के गब्बर सिंह की तरह काट डाले दोनों हाथ, 11 आरोपियों को मिली उम्रकैद की सजा



**शेखपुरा:** बिहार के शेखपुरा में अदालत ने दोनों हाथ काटने के आरोप में 11 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही उन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है. सभी आरोपियों को सजा सुनाने के बाद न्यायिक हिरासत में शेखपुरा जेल भेज दिया गया है. मामला 16 नवंबर 2023 का है, जब आरोपियों ने शोले फिल्म के गब्बर सिंह की तरह बबलू यादव के दोनों हाथ काट लिए थे. अब डेढ़ साल बाद पीड़ित को इंसाफ मिला है. नगर थाना क्षेत्र के कारे गांव में जब बबलू यादव अपने खेत में पटवन कर रहा था, उसी समय उसी गांव के रहने वाले दानी यादव और मनीष यादव ने उसके दोनों हाथ काट दिया था. हाथ काटने के बाद उसके कटे हाथों को अपने साथ लेकर भाग गया, ताकि उसका किसी प्रकार से इलाज भी ना हो सके. इस मामले में पीड़ित के पिता राजेंद्र प्रसाद यादव के आवेदन के आधार पर मनीष यादव और दानी यादव के अलावा अवधेश यादव, कुणाल यादव, धर्मवीर यादव, भोला यादव, जीवन यादव, अजय यादव, रविंद्र यादव, रामदेव यादव, भुनेश्वर यादव, सचिन यादव समेत कुल 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक मो तसीमुद्दीन ने बताया कि पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए सभी अभियुक्तों ने पटना उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत की याचिका लगाई थी लेकिन कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया. साथ ही पुलिस को 3 महीने के अंदर मामले का अनुसंधान पूरा कर न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित करने का आदेश दे दिया था. हाईकोर्ट ने जिला जज को इस मामले को फास्ट ट्रैक के आधार पर 6 महीने के अंदर निर्णय तक पहुंचाने का आदेश दिया था. इसके अलावे पटना उच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को बबलू यादव के हाथों का समुचित इलाज करने का भी आदेश दिया था. उसके बाद भी पटना उच्च न्यायालय की इस मामले पर लगातार नजर थी. जिसके बाद सोमवार यानी 16 जून 2025 को जिला एडीजे-द्वितीय रविन्द्र कुमार ने 11 लोगों को दोषी पाया और सजा के बिंदु पर फैसला सुनाया.

## अमरोहा पटाखा फैक्टरी विस्फोट में चार की मौत व आठ घायल



**अमरोहा:** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में अतरासी गांव के खेत में संचालित पटाखा फैक्टरी में सोमवार को भीषण विस्फोट में चार महिलाओं की मौत हो गई है. जबकि आठ लोग घायल हुए हैं. जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. विस्फोट के मृतकों की शिनाख्त हो गई है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया है. मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं. रजबपुर थाना क्षेत्र, अतरासी गांव के जंगल में अवैध तरीके से एक पटाखा फैक्टरी संचालित हो रही थी. रोजाना की तरह यह पर लोग काम कर रहे थे, इसी दौरान फैक्टरी में विस्फोट हो गया. धमाका इतना तेज था कि बिल्डिंग की टीनशेड और दीवारें गिर गई. इमारत के मलबे में कई लोग दब गए. इस घटना से पूर इलाके में हड़कंप मच गया. ग्रामीणों की सूचना पर फायर बिग्रेड, प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची और मलबे में दबे लोगों को निकाल घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया और राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया. घटना की जानकारी पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता और पुलिस अधीक्षक अमित आनंद भी मौके पर पहुंच गए. सीओ सिटी ने बताया कि विस्फोट की घटना में चार महिलाओं की मौत हुई है. उनकी पहचान रजबपुर गांव निवासी जाकिर की पुत्री रुक्साना, शाबिर की पत्नी शहनाज, ग्राम पपसरा निवासी शोविंद्र की पत्नी प्रवेश, दानवीर की पत्नी रुमा के रूप में हुई है. उन्होंने बताया कि घायलों में मोना, विशाल, सलोनी, इंद्रवती, सोनिया, राजेश की पत्नी पूजा, नाजरीन, अमित की पत्नी पूजा, गिरिश चन्द्र की पत्नी पूजा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. विस्फोट की खबर मिलने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया और मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की. इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है. मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं.

### ट्रक ने कार को मारी टक्कर, पूर्व विधायक के चचेरे भाई की मौत व पत्नी की हालत गंभीर

**बरेली:** सोमवार सुबह बड़ा बाइपास स्थित नवदिया झादा चौराहे के पास एक भीषण सड़क हादसे में उत्तराखंड के नानकमत्ता से पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा के चचेरे भाई यशोदा सिंह राणा की दर्दनाक मौत हो गई. हादसे में उनकी पत्नी रजनी राणा गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यशोदा सिंह राणा मूल रूप से ऊधमसिंहनगर जनपद के गांव 150 सरोजना (सितारगंज) के रहने वाले थे. फिलहाल वे उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में कानूनगो के पद पर तैनात थे. सोमवार सुबह वे अपनी पत्नी के साथ निजी कार्य से कार से निकले थे. जैसे ही उनकी कार नवदिया झादा चौराहे के पास पहुँची, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार में जबरदस्त टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई और दोनों पति-पत्नी उसमें फंस गए. राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गैस कटर की मदद से कार काटकर दोनों को बाहर निकाला. तब तक यशोदा सिंह की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि पत्नी की हालत नाजुक बनी हुई है. हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया. गांव और रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई है.

## कलयुगी मां ने अपने अबोध बच्चे को प्रेमी के साथ मिलकर उतारा मौत के घाट



**जौनपुर:** मीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गोधनागांव में सोमवार को एक कलयुगी मां ने प्रेमी से मिल कर अपने चार वर्ष के बच्चे को मौत के घाट उतार दिया. बच्चे की हत्या के बाद शव लेकर जगदीशपुर बराँवा मायके पहुंच गई और रोना धोना करते हुए त्रिया चरित्र फैलाने लगी.किसी ने इसकी सूचना बच्चे के वालिद पूर्व शौहर को दे दी. उसकी सूचना पर मीरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मां और उसके प्रेमी को हिरासत में ले लिया. मीरगंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर बराँवा निवासी रेशमा पुत्री अहमद अली की शादी वाजिद अली पुत्र अजीज निवासी चितईपुर प्रतापगढ़ के साथ वर्ष 2021 में हुई थी. दोनों से इलियास नामक एक औलाद पैदा हुई. इसी दौरान दोनों में किसी बात को लेकर अनबन हो गई.वाजिद अली ने दूसरी शादी कर ली और रेशमा भी जगदीशपुर निवासी अतीक पुत्र सल्लू के साथ रहने लगी. लेकिन बच्चे को लेकर अतीक हमेशा से रेशमा से खफा रहता था. इन दिनों रेशमा और अतीक किराए का घर लेकर बच्चे के साथ गोधना में रह रहे थे. पुलिस के अनुसार दोनों ने मिल कर इलियास (4) की हत्या कर लोगों को गुमराह करने के लिए जगदीशपुर चले गए और रोना धोना चालू कर दिए. इसकी जानकारी पूर्व शौहर वाजिद को लगी तो उसने बेटे की हत्या किए जाने की सूचना 112 समेत मीरगंज पुलिस को दे दी. सूचना पाते ही थानाध्यक्ष मीरगंज विनोद कुमार अंचल क्षेत्राधिकारी मछलीशहर प्रतिमा वर्मा मौके पर पहुंच दोनों को हिरासत में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घटना के संबंध में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश कुमार सिंह ने बताया कि मीरगंज अंतर्गत एक चार वर्षीय बच्चे की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई थी. सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची बच्चे के शव को देखा गया तो उसके गले पर चोट के निशान थे. इसी क्रम में जानकारी मिली कि बच्चे की मां उसे कहीं दूसरे जगह लेकर जाने की फिराक मे थी. पुलिस पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया और बताया कि प्रेमी के साथ मिलकर बच्चे की हत्या किया है. घटना के कारणों के बारे में जानकारी की गई तो पता चला कि मृतक बच्चे का पहला पिता जो मुंबई में रहता है बच्चे को अपने पास रखना चाहता था जबकि मां बच्चे को अपने पास रखना चाहती थी. जबकि मृतक बच्चे का होने वाला सौतेला बाप उसे रास्ते से हटाना चाहता था. पुलिस ने मृतक के मां और उसके होने वाले सौतेले पिता अतीक को गिरफ्तार कर लिया है. सबसे पहले मां को गिरफ्तार किया गया, मां की निशान देही पर उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है.

# सारण के नयागांव में मक्का लदी पिकअप पलटी, 5 की दर्दनाक मौत ; 20 घायल



**सारण:** दिघवारा से मक्का लादकर हाजीपुर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार पिकअप सोमवार की सुबह अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसा नयागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत फोरलेन स्थित बाजितपुर के पास हुआ. इस दर्दनाक दुर्घटना में एक महिला समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप वाहन में बड़ी संख्या में लोग सवार थे और वह मक्का को भूनवाने के लिए हाजीपुर जा रहे थे. बाजितपुर के पास अचानक पिकअप का एक चक्का ब्लास्ट कर गया, जिससे वाहन असंतुलित होकर पलट गया. पलभर में चीख-पुकार मच गई और सड़क पर कोहराम की स्थिति बन गई. सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची. स्थानीय समाजसेवी वरुण कुमार सिंह ने मानवीय पहल करते हुए अपने निजी वाहन से कई घायलों को सोनपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया. पुलिस की मदद से भी अन्य घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया. हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि घटनास्थल पर मक्का के बोरे और इंसानी चीखें एक साथ बिखरे पड़े थे. स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में राहत और बचाव कार्य में जुटे. प्रशासन ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था की जा रही है. फिलहाल, मृतकों की शिनाख्त की प्रक्रिया जारी है. यह दुर्घटना तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग जैसे खतरों की एक और चेतावनी है, जिसमें एक छोटी सी चूक ने चार परिवारों की जिंदगी छीन ली और कई को जीवनभर का दर्द दे दिया. बताया जा रहा है कि पिकअप पर 35 से 40 लोग सवार थे. बाकी लोग इलाज के लिए भर्ती हैं. जिसमें दस की हालत गंभीर है. मृतकों कि संख्या बढ सकती है. पिकअप पलटने से घायल सुरेन पासवान के पुत्र बादल कुमार, राज कुमार पंडित की 48 वर्षीय पत्नी अंजू देवी, राजू बैठ के 50 वर्षीय पत्नी राधिका देवी, सरवन राम के 23 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार, पंचूराम के 15 वर्षीय पुत्री राजलक्ष्मी कुमारी, रामबाबू राम के 7 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार सभी को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर लाया गया. डॉक्टर ने जांच के बाद बादल कुमार को मृत घोषित कर दिया. दो अन्य घायल को पीएमसीएच रेफर कर दिया.

**मृतक की सूची :** बादल कुमार उम्र 18 पिता सुरेन पासवान, ओहिला देवी पति श्री भगवान मांझी, लक्ष्मी देवी उम्र 55 पति योगेन्द्र भगत, गोलू कुमार उम्र 18 पिता किशोरी राम, अरविंद कुमार उम्र 16 पिता अरूण राम.

## अररिया में पुलिस टीम पर हमला में थानाध्यक्ष समेत तीन जख्मी

**अररिया:** बिहार में अररिया जिले स्थित फारबिसगंज काली पूजा मेला ग्राउंड वार्ड संख्या एक में सरकारी जमीन को अनुमंडल प्रशासन ने चार दिन पहले सख्त रवैया अपनाते हुए खाली करवाया था.जिसके बाद अतिक्रमण मुक्त कराये गए सरकारी जमीन की मापी करवाकर अनुमंडल प्रशासन के द्वारा टीन से उसकी घेराबंदी कर दी गई थी. लेकिन कुछ लोगों के द्वारा कुछ हिस्सों से टीन को हटाकर फिर से अस्थायी तम्बू गाड़कर अतिक्रमण करने की कोशिश की गई. जिसे हटाने के लिए सोमवार की सुबह पहुंची फारबिसगंज थाना पुलिस पर आरोपित और उसके परिवार के सदस्यों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया.जिसमें फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह,सब इंस्पेक्टर अमित राज और एक होमगार्ड के जवान लक्ष्मण कुमार घायल हो गए. इन तीनों पुलिस कर्मियों का इलाज फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया.फिलहाल घायल तीनों खतरे से बाहर बताए जाते हैं.आरोपित और उसके परिवार के सदस्यों ने पुलिस गाड़ी में भी तोड़फोड़ किया.वाहन में लगे शीशा को क्षतिग्रस्त कर दिया और वाहन पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की कोशिश की.दरअसल फारबिसगंज थाना पुलिस को देर रात ही सूचना मिली थी कि अतिक्रमण मुक्त कराए गए जमीन की टीन से घेराबंदी को तोड़कर मो.फिरोज नामक व्यक्ति और अन्य फिर से सरकारी जमीन को अतिक्रमण करने की कोशिश कर रहा है. सूचना पर डायल 112 की टीम रात में मौके पर गई थी, लेकिन आरोपितों ने उसे वापस लौटने को मजबूर कर दिया.

## न्यूज कॉर्नर

### करंट लगने से दो मजदूरों की मौत

**झुंझुनूं:** झुंझुनूं जिले के सूरजगढ़ क्षेत्र के कुलोठ कलां गांव में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में दो मजदूरों की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई. खेत में निर्माण कार्य के दौरान यह हादसा उस समय हुआ जब मजदूर सरिया सीधी कर रहे थे और वह ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन से टकरा गई. हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों की पहचान ईश्वर मेघवाल (52) पुत्र बख्तावर और दुलीचंद मेघवाल (40) पुत्र हरलाल के रूप में हुई है. दोनों मृतक आपस में चचेरे भाई थे और गांव कुलोठ कलां के ही निवासी थे. वे सूरजगढ़ क्षेत्र में महावीर सिंह के खेत में मकान निर्माण कार्य में लगे हुए थे. हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ, जब लेंटर डालने से पहले मजदूर सरिया को सीधा कर रहे थे. इसी दौरान सरिया अचानक ऊपर झूल रही 11 केवी (11,000 वोल्ट) की बिजली लाइन से टकरा गया. करंट का झटका इतना तेज था कि दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई.स्थानीय लोगों ने बताया कि विद्युत लाइन काफी नीची झूल रही थी, जिससे हादसा हुआ. मृतकों के परिवार के अनुसार, दोनों भाई मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे. उनके असमय निधन से गांव में शोक की लहर फैल गई है.

### दी पैलेस स्कूल को मिला बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल

**जयपुर:** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद राजधानी जयपुर में लगातार अज्ञात आरोपित की ओर से किसी न किसी सरकारी संपत्ति को बस से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल भेज रहे,लेकिन पुलिस जांच में कुछ नहीं मिला था. अब माणक चौक थाना इलाके के जलेब चौक स्थित दी पैलेस स्कूल को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने का मामला सामने आया है. इसके बाद स्कूल प्रशासन की ओर से पुलिस को सूचना दी गई. जहां मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्कूल को खाली कराकर डॉग स्कायड और बम निरोधक दस्ते की ओर से तलाशी अभियान चलाया. पुलिस टीमें स्कूल का चप्पा-चप्पा सर्च किया. पुलिस के मुताबिक जलेब चौक स्थित दी पैलेस स्कूल की मेल आईडी पर रविवार मेल आया था,लेकिन स्कूल बंद था. जिसके चलते किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया. सोमवार सुबह स्कूल प्रशासन ने मेल पर ध्यान देने के बाद पुलिस कंट्रोल रूम को मेल मिलने की जानकारी दी गई. इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सर्च अभियान चलाया.

## प्रथम पृष्ठ का शेषांष

### बंगाली बोलने वाले...

बंगाल लगातार पांच बार सड़क और ग्रामीण आवास परियोजना रैंकिंग में शीर्ष पर रहा है. सीएम ने कहा कि आर्थिक संकट के बाद भी राज्य में लोगों को औसतन 50 दिन का रोजगार मिल रहा है और उनकी सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत 1.5 करोड़ कार्य दिवस सृजित किए हैं. एक ओर भाजपा बंगाल के गरीब लोगों को वंचित कर रही है. वहीं दूसरी ओर आपके राज्यों में विभिन्न दुर्घटनाओं में मौतों का सिलसिला जारी है. उन्होंने कहा कि उनकी सरकार सामाजिक कल्याण पर सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप अनुसूचित जाति (26 प्रतिशत), अनुसूचित जनजाति (6 प्रतिशत), पिछड़ी जातियों और मुसलमानों (30 प्रतिशत) के हितों की रक्षा के लिए काम कर रही है. कोई भी हमारे मार्ग को रोक नहीं कर सकता. हमें अपने सपनों को साकार करने से नहीं रोक सकता.

प्रश्नकाल में भाजपा विधायकों ने शिक्षा क्षेत्र में संकट पर स्थगन प्रस्ताव दिया. जिसे विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने खारिज कर दिया. इस पर भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया. हंगामे के दौरान अध्यक्ष ने अनुशासन भंग करने के आरोप में भाजपा विधायक मनोज उरांव को निलंबित कर दिया. साथ ही भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष को चेतावनी दी. इसके बाद सभी 40 भाजपा विधायक प्रतीकात्मक विरोध स्वरूप तुलसी के पौधे लेकर सदन से बाहर चले गए.इस पर सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा नेता केवल अपशब्दों का प्रयोग करना चाहते हैं और निराधार आरोप लगाना चाहते हैं. क्या अब वे यह तय करेंगे कि किसी को क्या पहनना चाहिए, क्या खाना चाहिए या कौन से जूते पहनने चाहिए? क्या वे हुक्म चलाएंगे? मैं पूर्व सांसद के तौर पर मुझे आवंटित 1.5 लाख रुपये की पेंशन स्वीकार नहीं करती. क्या वे मुझे नैतिकता और ईमानदारी सिखाएंगे? ममता बनर्जी ने कहा कि मेरे शब्दों पर गौर कीजिए, अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा शून्य पर सिमट जाएगी. लोगों ने आपकी राजनीति को नकार दिया है. भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार पर निशाना साधते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि एक आधे केंद्रीय मंत्री हैं जिन्हें चप्पलों से प्यार है. वे चप्पलों की दुकानें क्यों नहीं खोलते? हाल की एक घटना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि एक भाजपा नेता ने उनके आवास के पास एक पंजाबी पुलिस अधिकारी पर चप्पल फेंकी.सीएम ने क्हा, इससे पंजाबी समुदाय नाराज हो गया और उन्होंने आधिकारिक तौर पर इस कृत्य की निंदा की. बनर्जी ने चेतावनी देते हुए कहा, यदि आप मेरे पड़ोस में प्रवेश कर सकते हैं, तो याद रखें कि मैं आपके पड़ोस में भी प्रवेश कर सकती हूं. उन्होंने आगे कहा, आप सभी को चोर कहते हैं लेकिन आप ही हैं जिन्होंने देश को लूटा है और इसे बेचा है. आपको सार्वजनिक सुरक्षा की कोई चिंता नहीं है. स्पीकर बिमान बनर्जी ने भी विपक्ष के व्यवहार पर नाराजगी जताई. उन्होंने कहा, सदन की गरिमा बनाए रखना सभी सदस्यों की सामूहिक जिम्मेदारी है.

### नाम और दाम के लिए...

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का नेतृत्व कमोवेश ऐसे लोगों के हाथों में रहा है जिनकी सामाजिकता और उद्यमिता पर संशयात्मक प्रश्नचिन्ह नहीं था. कई ऐसे अध्यक्ष भी हुए जिनकी ख्याति वैश्विक स्तर पर रही. लेकिन नवगठित महा ऑल इंडिया मारवाड़ी फेडरेशन का नेतृत्व जिन्हें सौंपा गया है उनकी व्यापक सामाजिक छवि और आर्थिक सुदृढ़ता जेरे-बहस है.नई संस्था के महासचिव किशन कुमार किल्ला का कहना है कि पुरानी संस्था की प्रासंगिकता खत्मप्राय है. किसी सुनिर्दिष्ट परियोजना और कार्यकर्ताओं के अभाव में संस्था चंद लोगों की मनमर्जी का गुलाम है. लेकिन नई संस्था की योजनाएं एवं उसके क्रियान्वयन के लिए आवश्यक आर्थिक सुदृढ़ता का स्पष्ट खाका अभी विचाराधीन है. हालांकि खबर है कि भाजपा शासित कई राज्यों से शीर्षस्थ राजनीतिक नेतृत्व का प्रशंसा पत्र उन्हें मिला है. कई भाजपा शासित राज्यों में कमिटी गठन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है.अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सराफ कहते हैं कि नया करने के लिए सोच में नवीनता होनी चाहिए. प्रतिष्ठित नाम की नकल करके समाज को गुमराह करना अपराधिक कृत्य है जिसकी मुखालफत होनी चाहिए.बेलारूस के मानद कौंसुल जनरल एवं सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके सीताराम शर्मा का मानना है कि सामाजिक संस्थाओं में आधिपत्य की यह लड़ाई समाज की एकता को विखंडित करने वाला है. जिनके पास न सामाजिक सोच है और न ही छवि वे भी येन-केन-प्रकारेन सामाजिक स्वीकृति पाने के लिए तिकड़मी रणनीति अपना रहे हैं.अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राज्य महासचिव प्रदीप लुहारीवाला का मानना है कि मारवाड़ी समाज में जिन बिंदुओं पर चर्चा समीचीन है उस ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा. सभी अपनी डफली अपना राग अलापने में लगे हैं. आम मारवाड़ी दिग्भ्रमित है. रोजी-रोटी की समस्या, बढ़ती मंहगाई, असुरक्षित भविष्य एवं विकृति की प्रचुरता के अंधकूप में धंसता समाज किसी चमत्कार की आश में निराश हो रहा है.नई संस्था के गठन मेंअपनी किसी भी भूमिका से इंकार करते हुए भानीराम सुरेका कहते हैं कि यह दुर्भाग्यजनक परिस्थिति है. विश्वनाथ सुरेका अनुज हैं, हृदय के करीब हैं और स्वतंत्र अस्तित्व के मालिक हैं.प्रख्यात उद्योगपति और सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष नंदलाल रूंगटा बहुत दुखी मन से कहते हैं कि जो भी हुआ है वह समाज के लिए अच्छा नहीं है. एकजुट होकर समाज के समग्र कल्याण की भावना से इतर अलग-अलग संस्थाएं बनाना स्वस्थ सामाजिक सोच नहीं है.सम्मेलन के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्मश्री प्रहलाद राय अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी भी सम्मेलन के नाम पर हो रही इस संकीर्णता से आहत हैं.

### पीएम मोदी को मिला...

आज सोमवार को निकोसिया स्थित राष्ट्रपति भवन में आधिकारिक तौर पर स्वागत किया गया. राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने राष्ट्रपति भवन में पीएम मोदी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया.पीएम कल रविवार को साइप्रस की राजधानी निकोसिया पहुंचे. उन्होंने बैठक में भारत और साइप्रस के व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित भी किया. उन्होंने कहा, साइप्रस लंबे समय से भारत का एक विश्वसनीय साझेदार रहा है. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 23 साल बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री साइप्रस के दौरे पर आया है और पहला कार्यक्रम व्यापार जगत के लोगों के साथ गोलमेज बैठक थी. यह इस बात का संकेत देता है कि आर्थिक दुनिया से जुड़े लोग भारत और साइप्रस के संबंधों के लिए कितने अहम हैं.

# पुणे पुल हादसे में अब तक चार लोगों की मौत और 51 लोगों को बचाया गया, आठ की हालत गंभीर

**मुंबई:** पुणे के मावल तहसील क्षेत्र में इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढहने की घटना में अब तक चार लोगों की मौत हो गई है. इस घटना में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की ओर से जारी बचाव अभियान में अब तक 51 लोगों को नदी से बाहर निकाला गया है. इनमें से आठ लोगों की हालत गंभीर है. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना में मृतकों के आश्रितों को 5-5 लाख रुपये आर्थिक मदद और घायलों का सरकारी खर्च पर इलाज किए जाने की घोषणा की है. फिलहाल सोमवार सुबह से बचाव अभियान जारी है.

इंद्रायणी नदी पर बना पुल रविवार को दोपहर में अचानक ढह जाने से कई पर्यटक बह गए थे. बताया जा रहा है कि पुल ढहने के वक्त यहां करीब 100 पर्यटक मौजूद थे. इस घटना की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की दो टीमें तत्काल मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरु किया. रविवार को देर रात तक बचाव अभियान में 51 लोगों को नदी से बाहर निकाला गया. इनमें से चार की मौत हो गई है. मृतकों की पहचान चंद्रकांत साठले, रोहित माने, विहान माने और एक अन्य के रुप में की गई है जबकि आठ लोगों की हालत गंभीर है. इनका फिलहाल इलाज चल रहा है. बाकी मामूली रूप से घायल हैं.



पुल से गिरे और कितने लोग लापता हैं, इसकी अभी तक कोई जानकारी नहीं है. हालांकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो-तीन और लोगों के लापता होने की संभावना है. इसलिए इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना है. एनडीआरएफ की टीम ने सोमवार सुबह बचाव अभियान फिर से शुरू कर दिया है.

महाराष्ट्र सरकार ने पुल ढहने की घटना में मुआवजे का ऐलान किया है. मुख्यमंत्री फडणवीस ने हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है. महाराष्ट्र सीएमओ ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि राज्य सरकार पुणे जिले के तालेगांव के पास इंद्रायणी नदी पर पुल ढहने की घटना में मारे गए लोगों के परिवारों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी. इसके अलावा, राज्य सरकार घायलों के इलाज का खर्च भी उठाएगी.

## मप्र के सिवनी में कुएं की सफाई करते वक्त दो मजदूरों की दम घुटने से मौत

**सिवनी:** मध्य प्रदेश के सिवनी शहर में कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंधी कॉलोनी में सोमवार को कुएं के सफाई करते वक्त दो मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई. यह घटना उस वक्त हुई जब वे एक घर में बने गहरे कुएं की सफाई कर रहे थे. अंदर ऑक्सीजन की कमी होने के कारण दोनों मजदूर बेहोश हो गए. पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम ने उन्हें कुएं से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.



पुलिस ने मामले को जांच में लिया है.जानकारी के अनुसार, सोनू उइके (30), निवासी भानेरी, लखनादौन और अशोक धुर्वे (35), निवासी कोकीवाड़ा, नैनपुर (मंडला) सोमवार सुबह करीब 11.30 बजे एक मकान में सीढ़ियों के नीचे बने गहरे कुएं की सफाई कर रहे थे. इसी दौरान वे बेहोश हो गए. मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस की दी. सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया. काफी मशक्कत के बाद दोनों को कुएं से बाहर निकाला गया और जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया.कोतवाली थाना प्रभारी किशोर वामनकर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि कुएं के ऊपर कंक्रीट की स्लैब थी, जिससे अंदर ताजा हवा का प्रवेश नहीं हो पा रहा था. ऑक्सीजन की कमी के कारण दोनों श्रमिकों की दम घुटने से मौत हो गई.

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 वर्षों में बदली गरीब की तकदीर और हिंदुस्तान की तस्वीर : राजेंद्र राठौड़

**जयपपुर:** भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित 'संकल्प से सिद्धि' अभियान के तहत आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है. राठौड़ ने कहा कि 11 वर्ष पहले जिन संकल्पों के साथ मोदी जी की अगुवाई में का सिंधु जल समझौता रद्द करने का ऐतिहासिक फैसला हो. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का काम किया है. इंदिरा गांधी नहर परियोजना के तहत 649 किलोमीटर लंबी नहर प्रणाली से 16.17 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है. अब सिंधु जल समझौता रद्द करने से राजस्थान, पंजाब, हरियाणा,



सरकार बनी थी, वे संकल्प सिद्धि तक पहुंच रहे है. हिंदुस्तान की तस्वीर और गरीब की तकदीर बदल गई. वर्ल्ड बैंक के अध्ययन के अनुसार, देश में 27 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं. हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है. यह मोदी सरकार के नेतृत्व में देश की आर्थिक तरक्की है.

भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा और विदेश नीति भी मजबूत एवं सुदृढ़ हुई है. फिर चाहे वो पाकिस्तान में आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर हो या फिर 1960 गुजरात और जम्मू-कश्मीर को सीधा फायदा होगा. सिंधु और चिनाब का पानी रावी-व्यास के माध्यम से हरिके बैराज में पहुंचेगा और हरिके बैराज से पानी इंदिरा गांधी नगर परियोजना के माध्यम से राजस्थान को मिलेगा. इससे राजस्थान की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी. इसी तरह राम जल सेतु लिंक परियोजना से राजस्थान के 40 प्रतिशत हिस्से में, करीबन 3.25 लाख जनसंख्या को पेयजल, 4.03 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई का करीबन 4102 मिलियन क्यूबीक मीटर पानी मिलेगा. भजनलाल सरकार के अल्पकार्यकाल में इस परियोजना में 9446 करोड़ रुपए के कार्य प्रगति पर है.

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली कनाडा रवाना, ट्रंप से मुलाकात संभव

**सियोल:** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्यांग और प्रथम महिला किम हये-क्यूंग सोमवार दोपहर कनाडा के लिए रवाना हो गए. वह कनाडा में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. राष्ट्रपति ली जे-म्यांग के दो सप्ताह पहले पदभार ग्रहण करने के बाद वैश्विक मंच पर पहली उपस्थिति होगी. वह ग्योंगगी प्रांत के सेओंगनाम में सियोल एयर बेस पर एयर फोर्स वन से कनाडा के लिए रवाना हुए.द कोरिया हेराल्ड अखबार के अनुसार सियोल के अधिकारी इस यात्रा को नवनिर्वाचित उदार राष्ट्रपति के लिए व्यावहारिकता पर केंद्रित विदेश नीति सिद्धांत की शुरुआत के रूप में देख रहे हैं. दक्षिण कोरिया ने हाल ही में घरेलू अशांति के मामले में नया मोड़ लिया है.

## बाटला हाउस के अनधिकृत निर्माणों को गिराने के आदेश पर हाई कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस तेजस करिया की वेकेशन बेंच ने ओखला के बाटला हाउस के अनधिकृत निर्माणों को गिराने के आदेश पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया है. इससे पहले 11 जून को भी हाई कोर्ट के जस्टिस गिरीश कथपलिया की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने बाटला हाउस के अनधिकृत निर्माणों को गिराने के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था. कोर्ट ने कहा था कि जनहित याचिका पर सामान्य आदेश पारित करना निजी पक्षकारों के लिए नुकसानदेह हो सकता है. हाई कोर्ट ने उन सभी पक्षकारों को तीन दिन के अंदर याचिका दायर करने को कहा था जिन्हें ध्वस्त करने का नोटिस मिल चुका है.




सुनवाई के दौरान डीडीए ने कहा था कि बाटला हाउस का पूरा इलाका पीएम-उदय योजना के तहत आती है. खसरा नंबर 279 में 43 बीघा भूमि है, जिसमें से 9 बीघे की भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है. इस पर याचिकाकर्ता और आम आदमी पार्टी के नेता अमानतुल्लाह खान की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सलमान खुर्शीद ने कहा था कि बाकी भूमि पीएम-उदय का हिस्सा क्यों नहीं है.हाई कोर्ट ने 30 मई को बाटला हाउस के खीजर बाबा कॉलोनी के 115 संपत्तियों के निवासियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी थी. जस्टिस सचिन दत्ता की बेंच ने उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था. इसके पहले हाई कोर्ट ने जंगपुरा के मद्रासी कैंप की झुग्गियों को हटाने का आदेश दिया था, जिसके बाद वहां से झुग्गियों को हटाया गया.

## इजरायल-ईरान संघर्ष के बीच ईरान में फंसे भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए सरकार तत्काल कदम उठाए-महबूबा

**श्रीनगर:** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि वह इजरायल-ईरान संघर्ष के बीच ईरान में फंसे भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाए.महबूबा मुफ्ती ने एक्स के माध्यम से कहा कि ईरान में फंसे छात्रों के परिवारों की चिंता गुजरते दिन के साथ बढ़ती जा रही है. उन्होंने कहा कि मैं विदेश मंत्रालय से आग्रह करती हूं कि वह हस्तक्षेप करे और अपने प्रियजनों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाए.इससे पहले रविवार को विदेश मंत्री के एक बयान के अनुसार तेहरान में भारतीय दूतावास मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बीच ईरान में पढ़ रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है. दूतावास लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा है और छात्रों को सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए उनसे जुड़ रहा है. कुछ मामलों में छात्रों को दूतावास की सुविधा के साथ ईरान के भीतर सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है.

## मंडला में पुल की रैलिंग तोड़ते हुए नदी में गिरा रेत से भरा डंपर, चालक की मौत



**मंडला:** मध्य प्रदेश के मंडला जिले के टिकरिया थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के रेत से भरा एक डंपर बलई नदी के पुल से 30 फीट नीचे गिर गया. दुर्घटना में डंपर चालक की मौत हो गई. पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है.

जानकारी अनुसार हादसा सोमवार सुबह 4 से 5 बजे के बीच हुआ है. जिले के नारायणगंज के पास मंडला-जबलपुर एनएच-30 पर रेत से भरा डंपर बेकाबू होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए 30 फीट नीचे बलई नदी में जा गिरा. बताया गया कि डंपर मंडला से जबलपुर की तरफ तेज रफ्तार में जा रहा था. तेज रफ्तार के कारण हाईवा अनियंत्रित हो गया और बलई पुल की रैलिंग तोड़ते हुए नीचे नदी में गिर गया. जैसे ही हाईवा नदी में गिरा, आसपास के लोगों ने इसकी सूचना तत्काल टिकरिया पुलिस को दी.इधर, घटना की जानकारी लगते ही टिकरिया पुलिस मौके पर पहुंची और राहत बचाव का कार्य शुरू किया. अंधेरा होने के कारण बचाव कार्य में शुरुआती दिक्कतें आईं. पुलिस ने लगातार प्रयास कर नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद किया, जिसकी पहचान जबलपुर जिले के मानेगांव निवासी प्रहलाद सिंह (35) के रूप में हुई. रेत से भरे हाईवा में कितने लोग सवार थे, इसकी सटीक जानकारी फिलहाल, अबतक नहीं मिल सकी है. संभावित अन्य सवारों की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है. टिकरिया पुलिस और एसडीआरएफ की टीम संयुक्त रूप से बलई नदी में सघन तलाशी अभियान चला रही है. 10 बजे तक सिर्फ एक शव ही बरामद हुआ है और अन्य लोगों की तलाश जारी है. पुलिस प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम बाकी लोगों को ढूंढने का लगातार प्रयास कर रही है.थाना प्रभारी गोपाल घासले ने बताया कि डंपर मंडला से जबलपुर की ओर जा रहा था. शव को नारायणगंज मॉर्चुरी भेज दिया गया है. चालक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है. पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है.

# प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने विमान दुर्घटना स्थल पर राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की

**अहमदाबाद:** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने विमान दुर्घटना के बाद की स्थिति का आकलन करने के लिए सोमवार को अहमदाबाद का दौरा किया. डॉ. मिश्रा ने मेघाणी नगर स्थित बीजे मेडिकल कॉलेज के पास दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया. राज्य सरकार, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें घटनाक्रम और तत्काल उठाए गए कदमों की जानकारी दी.



अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में डॉ. मिश्रा ने शोकाकुल परिवारों से मुलाकात की और डीएनए सैंपलों के मिलान की प्रक्रिया का अवलोकन किया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए, ताकि पहचान की प्रक्रिया सरल, संवेदनशील और मानवीय रूप से पूरी हो. उन्होंने घायल पीड़ितों से भी संवाद किया और अस्पताल प्रशासन को उनके इलाज और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा. गांधीनगर स्थित फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी में डॉ. मिश्रा ने डीएनए सैंपल लेने के प्रयासों की समीक्षा की और वैज्ञानिक सटीकता बनाए रखते हुए जल्द से जल्द पहचान पूरी करने की आवश्यकता पर बल दिया.

अहमदाबाद के सर्किट हाउस में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. मिश्रा ने केंद्र और राज्य सरकारों, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चल रहे राहत, बचाव और जांच प्रयासों पर चर्चा की. एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने विस्तृत जांच शुरू कर दी है. चूंकि विमान अमेरिकी निर्माता का था, इसलिए अमेरिका का नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड भी अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के तहत समानांतर जांच कर रहा है. अधिकारियों ने पुष्टि की कि फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर बरामद कर लिए गए हैं.

डॉ. मिश्रा ने प्रधानमंत्री की इस प्रतिबद्धता को दोहराया कि पीड़ितों के परिवारों को हरसंभव सहायता दी जाएगी और सभी संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाएगी. उनके साथ प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी तरुण कपूर (प्रधानमंत्री के सलाहकार) और मंगेश घिलडियाल (उप सचिव) भी उपस्थित थे.

## सुडोकू–59

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 3 | 2 | |
| | 7 | 8 | | | | | | 6 |
| 3 | | 4 | | | 1 | 9 | | 8 |
| | 5 | | | 8 | 6 | 4 | | |
| | 1 | | 9 | | 3 | | 7 | |
| | | 2 | 5 | 1 | | | 8 | |
| 2 | | 3 | 4 | | | 7 | | 5 |
| 6 | | | | | | 2 | 9 | |
| | 4 | 5 | | 2 | | 8 | | |

9X9 के उपरोक्त खानों में एक से नौ तक के अंक ऐसे भरें ताकि हर कॉलम और उसके हर छोटे खाने में एक नंबर ही आयें.

उत्तर अगले अंक में

**सूडोकू -58 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 4 | 5 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 3 | 4 | 6 | 8 | 9 | 7 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 6 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 3 | 8 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 1 | 6 | 7 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 7 | 3 | 4 | 9 | 5 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 8 | 6 | 7 | 1 | 9 |

## युवा शक्ति माथापच्ची- 67

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | ■ | 3 | ■ | 4 |
| | ■ | ■ | | ■ | 5 | | | |
| 6 | | 7 | | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 8 | | 9 | ■ | ■ | 10 | |
| 11 | 12 | | ■ | | ■ | 13 | | |
| 14 | | ■ | ■ | 15 | 16 | | ■ | ■ |
| | ■ | 17 | ■ | ■ | 18 | | | 19 |
| 20 | | | | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | | ■ | 21 | | | | |

**● बाएं से दाएं**

1. विवरण देना, रपट, 5. तैयारी, आयोजन, 6. आसन जिसमें सिर नीचे तथा पैर उपर, 8. मार डालना, समाप्त करना, वंचित करना, 10. गहरा, बहुत, पास-पास, 11. पराजित करना, 13. ले जाना, परे करना, दूर करना, 14. आनंद, 15. उदर, पेट, कठिन, 18. अपने रहस्य का भागीदार, 20. पुकार, प्राथना, निवेदन, 21. व्यवहार के लिए ठीक,

**● उपर से नीचे**

1. उम्मीदवार, 2. रावण, 3. दुनिया, जग, 4. आनंद करना, निडर होकर कोई काम करना, 7. झेलना, बर्दाश्त करना, 9. कृपालु, दया करने वाला, 10. मेघों का झुण्ड, कम किया हुआ, 11. सहयात्री, 12. अधिपति, प्रशासक, धनी, 13. रनिवास, 16. विश्राम, गतिहीनता, रुकावट, स्थिरता, 17. हवा, पवन, 19. जन्मदाता, पिता, एक राजा,

*उत्तर कल के अंक में*

**माथापच्ची- 66 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| द | क्षि | णी | अ | मे | रि | का | ■ | भा |
| ■ | ति | ■ | नु | ■ | वा | ■ | ना | व |
| ग | ज | रा | ज | ■ | ज | ल | ना | ■ |
| ला | ■ | ■ | ■ | प | ■ | जी | ■ | अ |
| आ | ■ | प | र्व | त | रा | ज | ■ | नु |
| ना | ■ | न | ■ | ला | ■ | ■ | ■ | सा |
| ■ | पि | पा | सु | ■ | प | रि | स | र |
| वि | त्त | ■ | र | र्या | ■ | ज | ■ | |
| दा | ■ | अ | भि | न | य | ज | ग | त |

## संक्षिप्त समाचार

### संत रविदास प्रतिमा का अनावरण उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा करेंगे

**चमकता राजस्थान/भरतपुर (राजवीर सिंह)।** नगर रविदासपुरा गांव में संत रविदास की प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि डॉ प्रेमचंद बेरवा की उपस्तिथि में अध्यक्षता जवाहर सिंह बेढम गृह राज्य मंत्री एवं अति विशिष्ट अतिथि राम अवतार अध्यक्ष नगर पालिका, नगर कैलाश मिश्रा पूर्व पार्षद डॉक्टर आरिफ प्रधान पंचायत समिति नगर 22 जून रविवार प्रातः 10:00 बजे किया जाएगा रविदास जागरण एवं 21 जून रात्रि एवं विशाल भंडारा 22 जून निवेदक संत रविदास सेवा विकास समिति प्रदेश अध्यक्ष लालचंद तैनगुरिया एवं समस्त ग्रामवासी रविदासपुरा के सानिध्य में आयोजित होगा।



### खाद्य व नागरिक आपूर्ति कैबिनेट मंत्री गोदारा का किया स्वागत



**चमकता राजस्थान/फलोदी/अनिल पुष्करणा।** राजस्थान सरकार के खाद्य व नागरिक आपूर्ति कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा आज फलोदी दौरे पर रहे ।

वे मां हरसिद्धि कृषि फार्म हाउस कुंडल में स्थित पूर्व राज्यसभा सांसद व मुख्य सचेतक तक राज्यसभा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण लाल पंचारिया के फार्म हाउस पर पहुंचे जहां पर जेठमल पंचारिया देवकिशन पंचारिया अशोक पंचारिया,रामसुख पंचारिया , भाजपा शहर अध्यक्षशिव प्रकाश पंचारिया, पवन पंचारिया,विकाश पंचारिया, और मेरे संगठन में साथी हरिश दवे , देवकिशन जी सोनी , मोती हिन्दू , ओम बोहरा, मधु सुदन व्यास ,कार्यकर्ताओं ने भी स्वागत और सत्कार किया गया इस अवसर पर विधायक पबाराम मनोहर पालीवाल भी उपस्थित थे ।

### ईश्वर प्राप्ति ही है मानव जीवन का परम उद्देश्यः साध्वी मेरुदेवा भारती



**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी।** बाड़ी कस्बे में श्री आशुतोष महाराज जी के दिव्य मार्गदर्शन में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ 16 जून से अग्रवाल धर्मशाला, गंज दरवाजे के सामने किया गया। यह कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जा रही है। कथा व्यास साध्वी सुश्री मेरुदेवा भारती जी के प्रवचनों को सुनने के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में एकत्र हो रहे हैं। कथा के प्रथम दिवस साध्वी जी ने आत्मदेव के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे आत्मदेव ने जीवनभर ईश्वर से सांसारिक सुख और संतान की मांग की, परंतु वह दुख और अशांति से ग्रस्त ही रहे। उन्होंने समझाया कि संसार का सुख क्षणिक और बा' होता है, जबकि वास्तविक सुख ईश्वर की प्राप्ति में है।

साध्वी मेरुदेवा भारती ने कहा कि ₹जिसने भी भगवान से सुख मांगा, वह दुखी ही रहा, क्योंकि सुख के पीछे छुपा है दुख।₹ उन्होंने तुलसीदास जी का उद्धरण देते हुए कहा, ₹यतन सब सुख के किए दुःख का किया न कोई, तुलसी यह अचरज है अधिक अधिक दुःख होए।₹ उन्होंने श्रोताओं को संदेश दिया कि इस दुर्लभ मानव जीवन को केवल ईश्वर की प्राप्ति हेतु लगाएं, तभी आवागमन के बंधन से मुक्ति संभव है और जीवन का उद्देश्य पूर्ण होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान से केवल भगवान को ही मांगने का आ''ान किया।

# पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत टिकट 50 वर्ष से कम आयु के युवाओं को दिए जाएंगे : डोटासरा

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने सोमवार कांग्रेस वॉर रूम, में जयपुर, उदयपुर एवं कोटा संभाग के विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त समन्वयकों से वन-टू-वन संवाद कर बैठक ली तथा संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए क्षेत्र में संगठन के कार्यों को गति देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस के सभी विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त समन्वयकों को अपने प्रभाव वाले विधानसभा क्षेत्र में जाकर ब्लाॅक एवं मण्डल की बैठक लेने हेतु निर्देशित किया गया था तथा मण्डल एवं ब्लॉक की कार्यकारिणी पूर्ण रूप से गठित करने तथा रिक्त पदों को भरने हेतु सक्रिय कार्यकर्ता का चयन करने की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने कहा कि सभी ब्लॉकों की कार्यकारिणी अपडेट हो चुकी है, रिक्त पद भरे जा चुके है और यह समस्त सूचना डिजीटल माध्यम से प्राप्त की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में मण्डल के गठन के पश्चात 80 प्रतिशत मण्डलों में कार्यकारिणी आज तक बनायी जा चुकी है और शेष रहे मण्डल की कार्यकारिणी 28 जून, तक बना दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलए नियुक्त करने का कार्य जोर-शोर से चल रहा है और 72 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में बीएलए नियुक्त करने का कार्य पूर्ण हो चुका है, चूंकि चुनाव आयोग ने बीएलए की नियुक्ति हेतु भरे जाने वाले फॉर्म में फोटो तथा मोबाईल नम्बर अंकित करने हेतु नई गाईडलाईन जारी की है जिसकी पालना में अब बीएलए नई गाईडलाईन के अनुसार बनाने का कार्य 28 जून, तक पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है तथा इस कार्य को पूर्ण करने हेतु सभी समन्वयकों आवश्यक निर्देश दिए गए है साथ ही उनसे व्यक्तिगत फीडबैक लेकर कठिनाईयों को दूर करने हेतु वे स्वयं सभी स्तरों पर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा पूर्व में स्थानीय नेताओं की अनुशंषा पर आवश्यकता होने पर 80 स्थानों पर नगर कांग्रेस कमेटियों का गठन किया गया था किन्तु अब निर्णय लिया गया है कि सभी 249 नगरपालिका क्षेत्रों में नगर कांग्रेस कमेटियों का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां अकेले ब्लॉक में नगरपालिका क्षेत्र हैं वहां केवल ब्लॉक कांग्रेस का गठन हुआ किंतु कोई ऐसा क्षेत्र जहां ब्लॉक में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र दोनों हैं और उस क्षेत्र में नगरपालिका भी है तो वहां आवश्यक रूप से नगर कांग्रेस का गठन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आधे से अधिक स्थानों पर नगर कांग्रेस का गठन हो चुका है और शेष का गठन कर उनकी कार्यकारिणी बनाने के लिए अभियान प्रारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा समन्वयकों ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है और उन्हें नई जिम्मेदारी यही दी गई है कि जहां भी नगर कांग्रेस का गठन हुआ है वहां 28 जून, तक कार्यकारिणी बनायी जाएं। उन्होंने कहा कि बूथ, मण्डल और ब्लॉक के कार्यों का सूक्ष्मता के साथ वे स्वयं फीडबैक ले रहे है। उन्होंने कहा कि विधायक अथवा विधायक प्रत्याशी ब्लॉक और मण्डल की मीटिंगों में कितनी बार शामिल हो रहे है, यह रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि हर्ष का विषय है कि बहुत सारे विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर पर 11 सदस्यीय कार्यकारिणी बनायी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि बीएलए की नियुक्ति, मण्डलों की कार्यकारिणी और बूथ कार्यकारिणी पूर्ण करने के निर्देश विधानसभा समन्वयकों को दिए गए है और यह सारा संगठनात्मक कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में मण्डल अध्यक्ष अथवा ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा सक्रियता के साथ सहयोग नहीं करने की सूचना मिल रही है वहां वे स्वयं इन पदाधिकारियों को सक्रिय होकर कार्य करने हेतु प्रेरित कर रहे है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय और पंचायत राज चुनावों में नगर अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष की भूमिका प्रमुख रूप से रहेगी, यह निर्णय प्रदेश कांग्रेस ने लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विधानसभा और लोकसभा चुनावों में जिलाध्यक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण करने हेतु निर्णय लिया है उसी कड़ी में प्रदेश में होने वाले निकाय एवं पंचायती राज चुनावों में ब्लॉक मण्डल तथा नगर कांग्रेस की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि आगामी पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत टिकट 50 वर्ष से कम आयु के युवाओं को दिए जाएंगे।

डोटासरा ने कहा कि यह दुःख का विषय है कि राजस्थान सरकार प्रदेश में ना तो पंचायती राज और ना ही नगर निकायों के चुनाव करवाना चाहती है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज एवं नगर निकायों का पूरा सिस्टम राजस्थान की भाजपा सरकार ने ठप्प कर दिया है, ना तो पंचायती राज संस्थाओं में और ना ही नगर निकाय संस्थाओं में विकास का पैसा भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन संस्थाओं में पट्टे तथा अन्य जरिए से होने वाली आय को भी ठप्प कर दिया गया है और आज तक मास्टर प्लान पर भी कार्य नहीं हो रहा है, अवैध कॉलोनियां बस गई है, अतिक्रमण हो रहे है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां पंचायती राज संस्थाओं और निकायों में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि हैं वहां अघोषित रूप से सरकार ने निर्देश दिए है कि कोई भी नए विकास के कार्य स्वीकृत नहीं किए जाएं। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी तरह की आर्थिक सहायता या बजट नहीं दिया जा रहा है, चुनाव सरकार करवा नहीं रही और प्रशासक लगा दिए गए है। उन्होंने कहा कि परिसीमन का कार्य सरकार कर नहीं पा रही। उन्होंने कहा कि 2022 का सुप्रीम कोर्ट का फैसला है कि ओबीसी आरक्षण हेतु सरकार के पास डेटा होना चाहिए किन्तु डेढ़ वर्ष बीतने पर भी सरकार ने ऐसा कोई सर्वेक्षण नहीं करवाया बल्कि अभी हाल ही में ओबीसी आयोग का गठन किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर के चुनाव करवाना चुनाव आयोग का कार्य है किन्तु चुनावों की घोषणा कि कब चुनाव होंगे यह सरकार के मंत्री कर रहे है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है और संवैधानिक संस्थाओं के अधिकारों में हस्तक्षेप है।

## जयपुर विद्युत वितरण निगम

### जनसुनवाई शिविरों में विद्युत समस्याओं का हो रहा है मौके पर ही समाधान

- **10 जून को आयोजित 225 जनसुनवाई शिविरों में 1366 समस्याओं का समाधान**
- **27 अगस्त 2024 से अब तक आयोजित शिविरों में 30285 समस्याओं का समाधान**

चमकता राजस्थान

जयपुर। जयपुर डिस्कॉम क्षेत्र के उपभोक्ताओं की विद्युत समस्याओं के मौके पर ही समाधान के लिए सहायक अभियन्ता कार्यालयों में माह के द्वितीय व चतुर्थ मंगलवार को जनसुनवाई शिविरों को आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में विद्युत से संबंधित समस्याओं का शिविर स्थल पर ही समाधान कर उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाई जा रही है। मंगलवार 10 जून 2025 को आयोजित हुए 225 जनसुनवाई शिविरों में 1371 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें से 1366 प्रकरणों का शिविर स्थल पर ही निस्तारण कर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई। शेष 5 प्रकरण जिनका शिविर के दौरान निस्तारण नहीं हो सका उनका भी शीघ्र निस्तारण कर दिया जाएगा।

निगम द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उपभोक्ताओं की बिजली शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जयपुर डिस्कॉम के सहायक अभियन्ता कार्यालयों में 27 अगस्त, 2024 से जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अब तक 4379 शिविर आयोजित किए गए जिनमें उपभोक्ताओं के विद्युत से संबंधित विभिन्न कार्यों व समस्याओं से संबंधित 30312 प्रकरण प्राप्त हुए हैं जिनमें से 30285 प्रकरणों का शिविर के दौरान ही निस्तारण कर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई है।

सर्किल के अधीक्षण अभियन्ता एवं अधिशाषी अभियन्ताओं को भी निर्देशित किया गया है कि वे भी अपने सर्किल के अन्तर्गत आने वाले सहायक अभियन्ता कार्यालयों में आयोजित होने वाले शिविरों में उपस्थित रहकर उपभोक्ताओं की शिकायतों का प्रभावी तरीके से निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें।

**● मुख्य रूप से इन समस्याओं का हो रहा है समाधान**

जनसुनवाई शिविरों में मुख्य रुप से विद्युत सप्लाई में व्यवधान, त्रुटिपूर्ण मीटर, जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने में विलम्ब, जमीन पर रखे ट्रांसफार्मरों को यथास्थान रखना, ढीले तारों को व्यवस्थित करने, विद्युत कनेक्शन जारी होने व विच्छेद होने में विलम्ब, मांग पत्र जमा होने वाले व्यक्तियों को कनेक्शन देना, विद्युत लोड संबंधी समस्या, वी.सी. आर. असेसमेन्ट कमेटी व अन्य समझौता समिति द्वारा जारी किए गए निर्णयों को लागू करना, त्रुटिपूर्ण विद्युत विपत्र जारी होने व देरी संबंधी, राजकीय विद्यालयों के ऊपर से विद्युत लाइनों को हटाने, कृषि व घरेलू उपभोक्ताओं के लम्बित बिलों में छूट सम्बन्धित एवं अन्य कोई समस्या जो शिविर के दौरान प्राप्त होती है उनका समाधान कर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जा रही है।

### वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न, जल संरक्षण को बताया पुण्य कार्य



चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण।** सैंपऊ। सैंपऊ पंचायत समिति सभागार में सोमवार को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें धौलपुर जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जल संरक्षण एक पुण्य कार्य है, जिसे पूरे मनोयोग से किया जाना चाहिए। यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन अभियान है, जिसमें अधिक से अधिक आमजन की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परंपरागत जल स्रोतों–बावड़ियों, तालाबों, बांधों और नहरों–की सफाई और संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ जनजागरूकता अभियान चलाने, रात्रि चौपालों में जल संरक्षण की जानकारी देने, श्रमदान, पौधारोपण व स्वच्छता कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। 20 जून तक चलने वाले इस अभियान को प्रभावशाली व स्थायी बनाने की आवश्यकता बताई गई। महिला समूहों, किसान संगठनों, औद्योगिक इकाइयों व स्वयंसेवी संस्थाओं को जोड़ने पर बल दिया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने सभी निर्देशों की पालना का आश्वासन दिया। जिला परिषद सी ई ओ ए एन सोमनाथ ने अभियान के अंतर्गत चल रही गतिविधियों की जानकारी दी, जिनमें तालाबों की सफाई, वर्षा जल संचयन, वृक्षारोपण, जल संरक्षण शपथ व जनजागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। बैठक में विधायक जसवंत सिंह गुर्जर, पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, प्रधान दुष्यंत बघेल, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, संयोजक श्रवण वर्मा, डॉ. शिवचरण कुशवाह, धीरसिंह जादौन सहित अनेक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक से पूर्व प्रभारी मंत्री ने कैथरी सरोवर पर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया एवं सैंपऊ महादेव मंदिर प्रांगण में पौधारोपण कर वृक्षारोपण हेतु आमजन को प्रेरित किया।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने समीक्षा करते हुए वर्षा जल का सदुपयोग व पौधारोपण के दिए निर्देश

## बारिश का पानी सबसे शुद्ध, संरक्षण की जिम्मेदारी हम सबकीः मंत्री सुमित गोदारा

चमकता राजस्थान

फलौदी/ अनिल पुष्करणा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिले में विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जल को संरक्षित कर इसका सदुपयोग करना है। इसके साथ ही पुराने जलस्त्रोत का संरक्षण करना है। अगर हमने इस जल संरक्षण की परम्परा को आगे नहीं बढ़ाया और नई पीढ़ी तक नहीं पहुंचाया, तो गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा।उन्होंने कहा कि बारिश का पानी सबसे शुद्ध पानी हैं। वर्षा जल को संग्रहण करना हम सबकी जिम्मेदारी हैं। मुख्यमंत्री जल स्वालंबन अभियान 2.0 के प्रथम चरण के तहत हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए आगे चिन्हित करते हुए फॉर्म पौंड, रुफ टॉप, पाइपलाइन तथा सघन पौधारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि पानी को बेहतर ढंग से संरक्षित किया जा सके ताकि वह पानी पेयजल और सिंचाई के काम आ सके। जिला कलक्टर एच.एल अटल द्वारा पीपीटी के माध्यम से अभियान की प्रगति के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने बताया कि इस वर्ष 11 लाख 55 हजार 487 पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया हैं।

### गिव अप अभियान की समीक्षा करते हुए खाद्य सुरक्षा योजना से अपात्र नाम हटवाने व पात्र लोगों के नाम जुड़वाने के दिए निर्देश



### खाद्य सुरक्षा योजना से ज़रूरतमंद परिवार को जोड़ा जाए

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री द्वारा बैठक में गिव अप अभियान की समीक्षा करते हुए खाद्य सुरक्षा योजना से अपात्र परिवारों के नाम हटवाने तथा जरूरतमंद पात्र परिवारों के नाम जुड़वाने में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को जोड़कर अपने दायित्वों का अधिकारी निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जरूरतमंद परिवार को 5 किलों गेहूं, 450 रुपए में गैस सिलेंडर, मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा 5 लाख तक तथा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का लाभ सहित विभिन्न प्रकार के लाभ प्रदान किए जाते हैं। बैठक में विधायक पब्बाराम बिश्नोई,पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना, अतिरिक्त जिला कलक्टर अजय, एसीईओ गौतम चौधरी सहित सभी विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

### मुंबई-जालना 'वंदे भारत' ट्रेन का विस्तार अब नांदेड़ तक



चमकता राजस्थान

**परभणी/ओमप्रकाश शर्मा।** इस निर्णय से नांदेड़ के साथ-साथ परभणी वासियों के लिए भी सुरक्षित और तेज़ यात्रा का एक नया मार्ग खुल गया है। परभणी के लोग भी अब 'वंदे भारत' ट्रेन में यात्रा कर सकेंगे, यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

देश के रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी से इस संबंध में संजय जी जाधव लोकसभा के एम पी ने मुलाकात कर यह मांग प्रस्तुत की थी। साथ ही, लोकसभा में भी खासदार जाधव इन्होने यह मुद्दा उठाया था। इन प्रयासों को सफलता मिली! अब परभणी ज़िला और नांदेड़ भी 'वंदे भारत एक्सप्रेस ' से जुड़ गए हैं।

इससे नागरिकों को अधिक तेज़ और आरामदायक यात्रा /सफर का लाभ मिलेगा। व्यापार और पर्यटन क्षेत्र को गति मिलेगी। परिणाम स्वरूप हमारे संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929